दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 13 मई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 143 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## हर आतंकी सिंदूर मिटाने का अंजाम जान चुका है: पीएम मोदी



नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात ने आज देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं।

हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था।

छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था।

क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।

शेष, पृष्ठ 2



## जब जनता ने रखा अपने-अपने पार्षदों के दो साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड

## किसी ने पाए 10 में 10, तो कहीं मिले नंबर बहुत ज्यादा हार्ड

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में जनता अपने-अपने जनप्रतिनिधियों से उनके कामों का हिसाब मांगती है। जनप्रतिनिधि दावा भी करते हैं कि उन्होंने बहुत काम किया है। जनप्रतिनिधि आमतौर पर अपना रिपोर्ट कार्ड अच्छा बताते हैं, लेकिन उन्होंने कितना काम किया है, ये क्षेत्र की जनता बताती है। जनता अपनी रिपोर्ट देती है। इन दिनों सोशल मीडिया ओपन रायशुमारी का एक बड़ा प्लेटफार्म है। करंट क्राइम समय-समय पर मुद्दों को लेकर जनता से उनकी राय जानता है, उसे प्रमुखता से प्रकाशित करता है। इस बार भी करंट क्राइम ने नगर निगम के पार्षदों के कार्यकाल को दो वर्ष पूरा होने पर ये सवाल उठाया कि वार्ड के लोग अपने-अपने पार्षद के काम को लेकर कितना संतुष्ट हैं। वो उन्हें दस में कितने अंक देंगे। दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल के बाद जनता की राय भी आई और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि जनता के भेष में अलग-अलग पार्षदों के समर्थक भी टोली बनाकर शामिल हो गए। इन समर्थकों में से अधिकांश ने अपने-अपने पार्षद को सपोर्ट किया, लेकिन सही राय उसी की मानी जाएगी जिसने चुनाव में वोट भी किया और दो साल के कार्यकाल पर अपना पक्ष रखा। किसी पार्षद को दस में से दस नंबर मिले तो कहीं बेबाक राय सामने आई। कोई दस में पांच अंक ले पाया और कोई ऐसा भी रहा जिसे दस में दो अंक मिले। हालांकि ये करंट क्राइम का एक सवाल था और इस पर क्षेत्र के लोगों की राय थी। इसे संपूर्ण सर्वे नहीं माना जा सकता, लेकिन सरसरी तौर पर ये पार्षद को लेकर उनके कार्यकाल को लेकर रायशुमारी का एक लिटमस टेस्ट जरूर माना जा सकता है। लोगों ने अपनी-अपनी राय दी है। अब पार्षदों को खुद अपना आंकलन करना है कि उन्होंने जनसेवा के लिये क्या किया है और दो साल के जनप्रतिनिधि वाले कार्यकाल में उनकी जनछवि अपने क्षेत्र में क्या है। लोग उन्हें क्या मानते हैं। करंट क्राइम के इस सर्वे में लोगों ने अपनी राय रखी।



**अवतार**
वार्ड नंबर 60 में भी यही हालत है। 10 में से 2 नंबर।

**रूप सिंह रावल**
वार्ड 43 कड़कड़ मांडल पार्षद जोगिंदर उपाध्याय 10 में से 2 नम्बर।

**प्रतीक माथुर**
वार्ड 78 10/10

**दिप्ती चौहान**
संतोष सिंह राणा पार्षद वार्ड 55 10 में से 10

**डब्बी प्रमुख**
वार्ड नंबर 10 से पार्षद को 10 से 0

**सुभाष चंद गौतम**
वार्ड नं 19 में विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। गलियां बेकार हैं, सडकें टूटी हुई हैं, मैं10 में से 5 नंबर दे सकता हूं।

**उद्यान गर्ग**
सही तरीका इस सर्वे का यह है कि आप प्रशासन के साथ मिलकर यह जांच स्वयं ही करें तो ज्यादा बेहतर है। क्योंकि यहां तो विपक्षी लिखेंगे बेकार है और पक्ष वाले लिखेंगे शानदार हैं।

**संजीव कौशिक**
वार्ड 30 पार्षद ओमवीर सिंह नंबर 10/0. मेरी नजरों में पूरे गाजियाबाद में सबसे गंदे वार्ड दो या तीन ही दिखाई देते हैं सदरपुर, गोविंदपुरम, दुहाई गांव।

**बाबा खान**
हमारे वार्ड 57 में कार्य ना के बराबर हो रहे हैं जहाँ देखो कूड़ा कबाड़ा नालियों की हालत खराब, सीवर लीक होते रहते हैं। स्ट्रीट लाइट कभी नहीं जलती।

**आशीष अरोड़ा**
कुलदीप त्यागी पार्षद वार्ड नंबर 69 को दूंगा 10 में से दो।

**राकेश त्यागी**
वार्ड नंबर 32 पार्षद सुभाष चौधरी 10 में से 10 नंबर

**किरणपाल मावी**
ये जो 10 में ज्यादा नं. दे रहे है और दूसरों के वार्ड का गुणगान कर रहे है तो क्या इसे चापलूसी या पर्सनल रिलेशन नहीं कहेंगे...वरना 10 में 15 और 10 में से 16 कैसे मिल जाएंगे....

**क्षितिज शर्मा**
श्री भगवान जी वार्ड 97 रामप्रस्थ। मैं 10 में से 8 अंक दूंगा।

**एडवोकेट महिम गुप्ता**
यहाँ पर ज्यादातर पोलिटिकल पार्टी के लोग हैं। अगर सच में सच जानना चाहते हैं तो क्षेत्र में सर्वे करायें।

**अंश अहमद खान**
हमारे वार्ड 93 से आरीफ मलिक बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इन्हें में 10 में से 10 नंबर दूँगा।

**सुनील चौहान**
विजय नगर मंडल के बीजेपी के पार्षदों ने कोई काम नहीं किया है सिवाए फोटो खिंचवाने के। अंडा ही मिलेगा।

**सुनीता चौहान**
वार्ड 78 की पार्षद श्रीमती ओमवती देवी जी को 10 में से 10 नंबर, बहुत अच्छा कार्य किया।

**इमरान खान**
आरिफ मलिक वार्ड 93 कैला भट्टा गाजियाबाद 10 नंबर।

**ठाकुर राहुल सिंह**
वार्ड नंबर 64 में तो हिंदुओं का काम भी नहीं होता। यहां हम अपने पार्षद को वार्ड नंबर 64 में 10 में से 0 दूंगा। यहां पर तो हिंदू मकान बिकता जा रहे हैं हिंदुओं का पलायन हो रहा है अगर विश्वास नहीं है आरटीआई डालकर देख लें। वार्ड नंबर 64 गरिमा गार्डन रजिस्ट्री चेक करवा लो।

**मुखिया वकील अंसारी**
संतोस सिंह राणा पार्षद वार्ड 55 10/0

**पंडित ऋषभ शर्मा**
वार्ड 37 की हालत आप खुद देख लीजिए, बाकी आप खुद समझदार हैं।

**सुशील दत्त वर्मा**
वार्ड नंबर 7, बिहारीपुरा मूल्यांकन 10/0. अशिक्षित महिला पार्षद होने के नाते उनके पति एवं अनेक प्रतिनिधि मौज ले रहे हैं, भाजपा की छवि खराब कर रहें हैं।

**रानी देवश्री**
वार्ड नंबर 3, पार्षद भारत गोतम10से 10.

**सन्नी ठाकुर**
इसमें आधे पार्षदों को बिना पार्टी के नाम पर लड़ा दो पता चल जाएगा भैया।

**सुभम गर्ग**
वार्ड 9, पार्षद शीतल देओल जी, 10 में से 10. दो साल बेमिसाल।

**वरुण पंडित**
वार्ड 9, पार्षद शीतल चौधरी जी, 10 में से 9 नंबर।

**रूप चौधरी**
पार्षद श्रीमती कविता प्रवीन सिंह भाटी, वार्ड 83, 10 में से 10.

**मनोज चौधरी**
वार्ड 32, 10 में से 0.

**अमित शर्मा**
वार्ड-78 पप्पू पहलवान 10/10 इनके द्वारा किया गया बेहतरीन कार्य और वही भी एक कॉल में।

**अब्दुल वाहिद**
हमारे वार्ड 18 में शशि गौतम शानदार कार्य करवा रही हैं। लगातार क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों के साथ हमेशा खड़े रहते है एक फोन पर कार्य तुरंत हो जाता है।

**कपिल मावी गुर्जर**
गरिमा गार्डन वार्ड 64 में 10मे दो 0 दूंगा।

**मीना कौशिक**
जितने जीरो दिए जाएं उतने ही कम हैं.... क्योंकि जीरो से ही संख्या घटती है जीरो से ही बढ़ती है।

**निधि सहगल**
(वार्ड 12 )10 में से 10 राहुल मुलायम आदर सम्मान करने वाले और एक आवाज में ही सबके लिए खड़े होने वाले और वार्ड में काम भी अच्छे से कराते है। और मिलनसार हैं।

**प्रियंका पांडे**
वार्ड - 10 के पार्षद महोदया को 10 में से 0 नम्बर देंगे। 0 से भी कोई नीचे नम्बर हो तो बता दें।

**संदीप शर्मा**
वार्ड 27, 10 में से 0.

**रूप चौधरी**
श्री राजकुमार सिंह भाटी 10 में 16 श्री गौरव सोलंकी 10 में 14 श्रीमती नीलम भारद्वाज 10 में 16 श्रीमती कुसुम मनोज सिंह गोयल 10 में से 15

**साहिल कपूर**
वार्ड 73 शालीमार गार्डन 10 में 10

**विकास कुमार लाकरा**
वार्ड नंबर 27, 10 में से 1

**कैलाश यादव**
वार्ड नंबर 37 पार्षद रवि भाटी, 10 मे 10 नम्बर। रवि भाटी जी युवा पार्षद सबको एक साथ लेकर चलने वाले। हम पार्षद जी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

**प्रदीप ठाकुर**
वार्ड 50, कांग्रेस 10 में से 0.

**मोहम्मद फहीम**
वार्ड 71, भाई पप्पू नगर जी, 10 मैं 10.

**सचिन सोनी**
वार्ड-65, पार्षद राजकुमार नागर, नंबर 10/10

**जग्गी भाई**
कुलदीप त्यागी 10 में से 10 नंबर बहुत ही अच्छे मिलनसार पार्षद विकास कार्य प्रगति पर।

**अंकित अरोरा प्रिंस**
राजकुमार नागर वार्ड 56, 10/10

**जग्गी भाई**
वार्ड 69, 10 में से 10 नंबर विकास का कार्य प्रगति पर।

**प्रवीन कुमार**
नगर निगम वार्ड 6 में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। पार्षद जी को 10 में से 10 नंबर

**देवेंद्र सैन**
वार्ड 15 पुनम सिंह जी 10/10

**धर्मेन्द्र चौधरी**
वार्ड नंबर 2, 10 में से 0.

**मनोज पंडित**
भाटी जी नमस्कार आपको नंबर नहीं पूछना चाहिए किस वार्ड में किस पार्षद के द्वारा कितना कार्य कराया गया है उसकी जानकारी लेनी चाहिए।

**शैली इंडिया**
वार्ड नं 56, 10/4 आज तक विष्णु एंक्लेव के मुख्य मार्ग की सड़क नही बन पाई,जिस के कारण रोज एक्सीडेंट होता है।

**अमित गोस्वामी**
वार्ड 71 संजय नगर श्री उमेश पप्पू नागर जी 10/10. ऐसे पार्षद जिन्हें नाम से तो सभी जानते है परंतु उनके काम से अधिक प्रिय जाना जाता है।

**चंद्र भूषण श्रीवास्तव**
वार्ड 10.... 10 मे से 0

**रोहित सिंह नैन**
वार्ड 46, अजयवीर सिंह 10 में से 10

**संजय कंसल**
वार्ड 51, सीमा यादव 10 में से 10

**विधु गर्ग**
वार्ड 57/59, पार्षद राजीव शर्मा जी, 10/10

**रूप चौधरी**
प्रह्लाद गढ़ी - वसुंधरा , श्रीमती प्रमिला राजीव शर्मा 10-15वसुंधरा-श्रीमती शिल्पा आशीष चौधरी 10 में 15 श्री सत्येंद्र चौधरी -10 में 14.5, श्री नरेश आशा भाटी -10 में 14.45

**संतोष सिंघल**
संतोष सिंह राणा पार्षद वार्ड 55, 10 मे से 10

**हरीश कुमार गौर**
वार्ड 73 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2, 10 में से 0 दूंगा।

**पूजा सिंह**
वार्ड नम्बर 71 हमारे पार्षद भाई उमेश पप्पू नागर नम्बर 1 गुड पार्षद सबका सम्मान देने वाले हर काम का तुरंत समाधान करने वाले। 10 में से 10 दूंगा।

**अवधेश चौधरी**
वार्ड 74, नरेश भाटी जी 10/10

**सुमित चौधरी**
वार्ड 40 में 10 में से 10

**संजीव झा**
10 में से 10

**डा.राजीव त्यागी राज**
वार्ड 62, गोविंदपुरम, 10 में से 4

**दीपक सिंह दिवाकर**
वार्ड नंबर 37 पार्षद रवि भाटी जी को 10 में से 10

**हैदर मलिक**
हमारे वार्ड 95में रुकसाना सैफी शानदार कार्य कर रही है। लगातार क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य करने का प्रयास कर रही है। वहीं वार्ड 95 में मेरे दोस्त जैसे भाई रमीज सैफी जबरदस्त कार्य कर रहे है। लोगों के साथ हमेशा खड़े रहते है।

**सतबीर सिंह**
वार्ड 62 गोविंदपुरम से श्री अमित डबास बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

**प्रवीन बत्रा**
वार्ड 96, पार्षद अजीत निगम जी, 10/10

**हरप्रीत सिंह जग्गी**
वार्ड नं 3, 10/2

**कंवलजीत**
वार्ड 97, 10/5

**पंडित राहुल पाठक**
संतोष सिंह राणा भैया पार्षद वार्ड 55, 10 मे से 10

**भूपेन्द्र सिंह रावत**
पार्षद सतेंद्र चौधरी, वार्ड 54, 10 में से 10

**अली खान**
हमारे वार्ड 35 में गुलजार अल्वी शानदार कार्य करवा रहे हैं। लगातार क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं वार्ड 49 में मेरे दोस्त जैसे भाई नौशाद सैफी जबरदस्त कार्य कर रहे हैं। लोगों के साथ हमेशा खड़े रहते हैं।

**जाट तेजस्वी मान**
वार्ड 71 संजय नगर भाई उमेश पप्पू नागर 10/10.

**प्रदीप जादौन**
संतोष सिंह राणा, पार्षद वार्ड 55, 10 मे से 10.

**संदीप त्यागी**
रजनी संजय धोबी, वार्ड 13, 10/10

**विशाल मंढोत्रा**
वार्ड 96 में 10 में से 1

**स्पर्श अग्रवाल**
संतोष सिंह राणा, पार्षद वार्ड 55, 10 में से 10.

**रविन्द्र चौधरी**
पार्षद अजीत, निगम वार्ड 96, 10/3

**पवन शर्मा**
वार्ड 25 में 10 में 10 वार्ड 58 में10 में 10

**ठाकुर राहुल सिंह**
उमेश पप्पु नागर जी पार्षद, वार्ड 71, 10 में से 10

**देवनारायण शर्मा पार्षद**
वार्ड 58, 10 में से 10

**राहुल पंडित**
देवनारायण शर्मा पार्षद, वार्ड 58, 10 मे से 10

**बृजेश कुमार मिश्रा**
वार्ड नंबर 27, 10 में से 0

**भूषण शर्मा**
उमेश पप्पू नागर जी, पार्षद वार्ड 71, 10 में से 10

**राहुल पंडित**
देवनारायण शर्मा पार्षद वार्ड 58, 10 मे से 10.

**आसिफ मलिक**
आरिफ मलिक, वार्ड नं 93, 10 में से 10, अच्छा काम।

**नमिता भल्ला**
करंट क्राइम का बहुत आभार कि उन्होंने यह बीड़ा उठाया लेकिन यह सिर्फ फेसबुक बुक तक ना सीमित रहे यह रिपोर्ट आगे जानी चाहिए।

**विकास कुमार शर्मा**
दीपक भाटी जी आप देख रहे होंगे कि सभी ने 10/10 नम्बर दिए हैं जिस हिसाब से आपने पूछा है उस हिसाब से तो सब पूरे नम्बर देंगे। पब्लिक के बीच जाकर पूछो हकीकत पता चल जाएगी।

**उत्तम यादव**
वार्ड 39, 10 में से 10

**फैजल खान**
कैला भट्टा, वार्ड नंबर 93, आरिफ मलिक 10 में से 10

**सहाबुद्दीन मलिक**
वार्ड 93 में आरिफ मलिक 10 में से 10 नंबर।

**मनोज राजपूत**
वार्ड 4 पानी सिवार या सफाई की व्यवस्था पर सुधार किया। पार्षद जी सबके बीच रहते हैं। हमारे पार्षद जी गोपाल भाई 10 में से 10 दूंगा।

**इमरान मलिक**
आरिफ मलिक, वार्ड नंबर 93, 10 में से 10 दूंगा, अच्छे काम के लिए।

**सलीम खान**
वार्ड 93, 10 में से 10. हर बार आरिफ मलिक को ही देखना चाहते हैं हम।








# हर आतंकी सिंदूर मिटाने का अंजाम जान चुका है: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

**राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं :** भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं।

**बड़े-बड़े आतंकी हमलों के तार इन्हीं ठिकानों से जुड़ते हैं :** जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं।

**100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया :** आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया।

**पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'साथियों! भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया।

आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया।

पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया।

**भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार किया :** दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

# हमारी वायु रक्षा प्रणाली देश के लिए दीवार की तरह खड़ी थी : वायुसेना

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद दोनों देशों की सीमाओं पर हालात कैसे हैं? सीजफायर के बाद पाकिस्तान का रुख कैसा है? सैनिकों को क्या दिशानिर्देश दिए गए हैं? ऐसे तमाम मुद्दे पर भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने दी संपूर्ण जानकारी।**


**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद आज भारतीय सेना के तीनों विंग के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने लगातार दूसरे दिन प्रेस वार्ता की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग की शुरूआत करते हुए एयरमार्शल एके भारती ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों का साथ देना जारी रखा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की लड़ाई केवल आतंकवादियों के खिलाफ है।

### आतंकियों के खिलाफ थी भारतीय सेना की कार्रवाई

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि रविवार को हमने विस्तार से बताया था कि भारत ने किस तरह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई की थी। हमने स्पष्ट किया था कि हमने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं। हालांकि, पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ थी। 7 मई को हमने आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवाद का साथ देने का फैसला किया। उनका जो भी नुकसान हुआ, इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। हमारी तरफ से एयर डिफेंस सिस्टम देश के लिए दीवार की तरह खड़ा था। इसे भेदना दुश्मन के लिए नामुमकिन था।

**पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल, चीनी ड्रोन्स किए गए ढेर :** इस दौरान एके भारती ने बताया कि, हमारे पुराने हथियारों ने भी युद्ध में कमाल का काम किया और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। आकाश सिस्टम से हमने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन्स को तबाह किया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि हमने पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल और चीनी ड्रोन्स को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। लेजर गन से पाकिस्तानी ड्रोन्स को निशाना बनाया गया।

**'एयर डिफेंस ग्रिड के सामने पाकिस्तान के हमले असफल' :** वहीं डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि 'जब जब पाकिस्तान ने हमारे एयर फील्ड में लगातार हमले किए, वो हमारे मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने असफल हो गए। हमारा एयर डिफेंस इतना मजबूत था कि पाकिस्तान के पास कोई मौका नहीं था। जो दुर्दशा कल आपने पाकिस्तानी एयरफील्ड की देखी। वहीं हमारी सभी एयरफील्ड सही हैं। हम अपनी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की भी तारीफ करना चाहता हूं। इन्होंने बहुत बहादुरी से हमारा साथ दिया। उनके काउंटर अलार्म सिस्टम भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम का हिस्सा थे, जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक इरादों का विनाश किया।'




**'पहलगाम तक उनका पाप का घड़ा भर चुका था' :** इस दौरान डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर की एयर डिफेंस कार्रवाई को हमें एक संदर्भ में समझने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में आतंकी गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था, अब हमारी सेना के साथ-साथ निर्दोष लोगों पर भी हमला हो रहा था। 2024 में शिवखोड़ी मंदिर की ओर जाने वाले तीर्थयात्री और इस साल अप्रैल में पहलगाम में मासूम पर्यटक। पहलगाम तक उनका पाप का घड़ा भर चुका था... क्योंकि आतंकियों पर हमारे सटीक हमले छडउ और क्ह को पार किए बना किए गए थे, हमें पूरा अंदेशा था कि पाकिस्तान का हमला भी सीमा पार से ही होगा, इसलिए हमने एयर डिफेंस की तैयारी की थी... जब 9-10 मई को पाकिस्तान की वायुसेना ने हमारे एयर फील्ड और लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन पर हमला किया, तो वे इस मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने विफल हुए'।

**'हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल है' :** लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि, 'जो दुर्दशा आपने पहले और कल पाकिस्तान एयरफील्ड की देखी और एयर मार्शल की प्रस्तुति आज देखी। हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल है। पाकिस्तान के ड्रोन हमारे ग्रिड के कारण नष्ट हुई....मैं यहां पर अपने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की सहराना करता हूं...जिसके कारण पाकिस्तान की नापाक हरकतों का विनाश किया गया।'

## तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशन ने संवाददाताओं के सवालों का जवाब दिया

**सवाल-** प्रेस कॉन्फ्रेंस से जो पहले वीडियो दिखाया गया, उसमें कल शिव ताडंव और आज राष्ट्रकवि रामधारी दिनकर की कविता 'कृष्ण की चेतावनी' की कुछ पंक्ति दिखाई गई है। इससे किस तरह का संदेश दिया जा रहा है?

**जवाब-** इसके जवाब में डीजीएओ एयर मार्शल एके भारती ने रामचरित मानस का दोहा कहा- विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति। तो समझदार के लिए इशारा ही काफी है। और जहां तक तुर्किये के ड्रोन का सवाल है या आपने देखा उसके क्या हाल हुए है। चाहे तुर्किये के ड्रोन्स हो या और कहीं के ड्रोन्स हो, हमारे जवाबी कार्रवाई की प्रणाली, हमारे प्रशिक्षित हवा रक्षा संचालक पूरी तरह सक्षम है। हमारे देश की स्वदेशी क्षमता है उसने दिखा दिया है कि चाहे किसी भी तरह की टेक्नोलॉजी आ जाए, हम उसका जवाब देने के लिए तैयार है। इसके बारे में मुझे ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। आपने खुद ही अपने आखों से देख लिया है हमने इनका क्या हश्र किया है।

**सवाल-** कल डीजीआईएसपीआर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जबकि आप लगातार सैटेलाइट इमेज के जरिए सबूत दे रहे हैं। जिसमें एयर स्ट्राइक से होने वाले नुकसान के सबूत भी दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ से कोई भी सबूत नहीं आ रहा है, आप क्या मानते हैं क्या वो लोग अपने लोगों को धोखा दे रहे हैं या वे कोई अलग प्रोपेगैंडा फैला रहे हैं?

**जवाब-** वो क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं। वहां से सूचनाएं क्यों नहीं आ रही है। ये सब पहले से ही अपेक्षित था। वे अपने लोगों को गुमराह करने के लिए कुछ भी करेंगे। और नुकसान की सूचना को कम करने का प्रयास करेंगे। मैं आपको एक चीज साफ बताना चाहूंगा जो मैंने कल भी बताया था। हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ हैं, हमारी लड़ाई पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तान के लोगों के साथ नहीं है। हम अपने उद्देश्य को लेकर एकदम स्पष्ट हैं। वहीं दूसरी तरफ से मीडिया क्या चला रही है और क्या प्रोपेगैंडा फैलाया जा रहा है और क्या कहानी बता रहे हैं। इसका जबाव देना हमारा काम नहीं है। हमने अपना काम किया, जो हमें करना था, जो हमसे उम्मीद की जा रही थी।

# डीजीएमओ ने पाक को दी सख्त लफ्जों में चेतावनी




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी। दिग्गज खिलाड़ी के इस फैसले की चर्चा भारतीय डीजीएमओ राजीव घई ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान की। उन्होंने कहा कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। कई भारतीयों की तरह वो मेरे भी पसंदीदा हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम होने के बाद आज दोनों के बीच डीजीएमओ स्तर की बैठक होगी। इससे पहले तीनों सेनाओं के डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग हुई, जिसमें पाकिस्तान के साथ संघर्ष से जुड़ी अहम जानकारी साझा की गई। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि 'जब पाकिस्तान ने हमारे एयर फील्ड में लगातार हमले किए, वो हमारे मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने असफल हो गए। हमारा एयर डिफेंस इतना मजबूत था कि पाकिस्तान के पास कोई मौका नहीं था। जो दुर्दशा कल आपने पाकिस्तानी एयरफील्ड की देखी। वहीं हमारी सभी एयरफील्ड सही हैं। मैं अपनी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की भी तारीफ करना चाहता हूं। इन्होंने बहुत बहादुरी से हमारा साथ दिया। उनके काउंटर अलार्म सिस्टम भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम का हिस्सा थे, जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक इरादों का विनाश किया।'

भारतीय डीजीएमओ राजीव घई.ने कहा- 'मैं आपको इस उदाहरण के जरिये से एक ये एस्पेक्ट हाइलाइट करना चाहता हूं। जब मैं स्कूल में था तो तकरीबन तब ये 1970 का दशक था। उस समय इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच में एशेज सीरीज चल रही थी। आज शायद क्रिकेट की बात भी करनी चाहिए क्योंकि मैं देख रहा था कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कई भारतीयों की तरह वह मेरे भी पसंदीदा क्रिकेटर हैं। तो 1970 के दशक में एशेज सीरीज चल रही थी। उस समय ऑस्ट्रेलिया के दो बहुत तेज गेंदबाज जिनका क्रिकेट के इतिहास में बहुत बड़ा नाम है- जेफ थॉमसन और डेनिस लीली। उन्होंने अंग्रेजी बल्लेबाजी और उनकी बल्लेबाजी लाइन अप को तहस नहस कर दिया था। ऑस्ट्रेलियाई ने उस समय एक कहावत निकाली थी- राख से राख और धूल से धूल तक अगर थॉमसन नहीं कर पाते हैं तो लिली जरूर कर देंगे।'

राजीव घई ने दुश्मनों को चेतावनी देते हुए कहा- 'अगर आप इस लेयर को देखेंगे तो आप समझ जाएंगे कि मैं थॉमसन और लिली के उदाहरण से क्या कहने की कोशिश कर रहा हूं। तो अगर दुश्मन सारे सिस्टम्स को पार कर भी गए तो आपको फिर भी एयरफील्ड या फिर लॉजिस्टक इंस्टालेशंस या जो भी चीज को आप टारगेट कर रहे हैं, उसमें पहुंचने से पहले कोई न कोई लेयर्ड ग्रिड का सिस्टम जरूर गिरा देगा।'

# 'कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पर जवाब दे केंद्र सरकार' : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को केंद्र सरकार से कश्मीर मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है और पूछा है कि क्या केंद्र सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है? साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चेताया है कि अगर सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार करती है तो ये शिमला समझौते का उल्लंघन होगा। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल उठाए जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई।

**'सरकार पूरे मामले पर दे सफाई' :** तिरुवनंतपुरम में पार्टी के एक कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी जानना चाहती है कि क्या देश की विदेश नीति में किसी तरह का बदलाव किया गया है। उन्होंने इस मामले पर जल्द से जल्द संसद सत्र बुलाने की मांग की। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 'क्या शिमला समझौता, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के अलावा तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता है, क्या उसका उल्लंघन हुआ है? ट्रंप रोजाना बयानबाजी कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि उन्होंने मध्यस्थता कराई है। ऐसे में सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए।'

# 19 दिन से पाकिस्तान की हिरासत में है बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साहू

**नई दिल्ली।** पिछले 19 दिन से बीएसएफ जवान, पूर्णम कुमार साहू पाकिस्तान की हिरासत में है। हालांकि बीएसएफ द्वारा अपने जवान की रिहाई के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी पाकिस्तान की तरफ से ऐसा कोई सिग्नल नहीं आया है कि जिससे साहू की रिहाई की उम्मीद नजर आए। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी कैंपों पर भारत की स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कई दिन तक चले तनाव के बाद अब दोनों मुल्कों के बीच में सीजफायर हो गया है। ऐसे में बीएसएफ जवान की रिहाई के प्रयास तेज हो सकते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' से पहले पाकिस्तानी रेंजर्स की तरफ से कहा गया था कि जवान की रिहाई को लेकर तभी मीटिंग होगी, जब पाकिस्तानी रेंजर्स के शीर्ष मुख्यालय से कोई आदेश आएगा। इसके बावजूद बीएसएफ द्वारा तय प्रोटोकॉल के तहत रोजाना, पाकिस्तानी रेंजर्स से बातचीत करने का प्रयास किया जाता है।



बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए अब कांग्रेस पार्टी के नेता पवन खेड़ा ने भी बयान जारी किया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखी एक पोस्ट में पूछा, हमारे बीएसएफ जवान पूर्णम साहू को पाकिस्तानी कैद से कब रिहा किया जाएगा।

# पाक गोलाबारी से 100 से ज्यादा घर तबाह

## लोग बोले-हमारा तो सपना धमाकों से उड़ गया, कैसे लौटें घर





**जम्मू।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने तंगधार में मंगलवार रात से ही कहर ढा रखा था। चार रोज तक हर रात भारी गोलाबारी की गई। इन चार दिनों में त्रिबुनि, शमसपोरा, बागबेला, दिलदार, भटपोरा, नवगाबरा गांव में 100 से ज्यादा घर तबाह हो गए। करीब 50 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, अभी सरकार की ओर से आकलन शुरू नहीं हुआ है, लेकिन लोगों के अनुसार यहां काफी नुकसान हुआ है।त्रिबुनि में गोलाबारी से कई मकानों में आग लग गई थी, जिससे वह पूरी तरह जल गए हैं।

### पाकिस्तान पर भरोसा नहीं

हमलों में कुछ लोग घायल भी हुए थे। यहां से 90 प्रतिशत लोग सुरक्षित ठिकानों पर शरण लिए हुए हैं। बाकी के दिन-रात बंकरों में कट रहे थे। लोग अभी यहां वापस लौटने से घबरा रहे हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान का कोई भरोसा नहीं है। पता नहीं कब फिर से हमला कर दे। इस संघर्ष में उनका मकान, दुकानें और वाहन तक नष्ट हो गए हैं। मवेशी भी मारे गए, पाकिस्तान को ऐसे ही छोड़ देना लोगों को गवारा नहीं है।

**धमाकों ने तोड़ा सपना, घर फिर से बनाना चुनौती :** कुपवाड़ा के शहरी इलाके में शरण लिए एजाज बट कहते हैं, सबकुछ खोने के बाद अब घर कैसे लौटें। घर बनाना एक सपने की तरह होता है। मेरा तो सपना ही धमाकों के साथ टूट गया। अब दोबारा से घर बनाना बहुत मुश्किल है। सरकार मदद करे तो कुछ राहत मिल सकती है।

**बड़ी मेहनत से बनाए हुए घर इन कायरों ने तबाह कर दिया :** कायरों ने हमें बर्बाद कर दियास्थानीय निवासी अफरोज बताते हैं, कई वर्षों से हम यहां रह रहे थे। नागरिकों पर किए गए पाकिस्तान के कायराना हमलों से हमारा आशियाना तबाह हो गया। बड़ी मेहनत से घर बनाया था। कायरों ने हमें बर्बाद कर दिया। पाकिस्तान का कोई भरोसा नहीं है। पाकिस्तान को ढंग से सबक सिखाना जरूरी था।

# पाक गोलाबारी में घायल बीएसएफ जवान शहीद

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दी श्रद्धांजलि



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पाकिस्तान की ओर से सीमा पार से की गई गोलाबारी में अपनी ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए बीएसएफ कांस्टेबल जीडी दीपक चिंगाखम को पुष्पांजलि अर्पित की।

सीमा पर देश की रक्षा करते बीएसएफ के कांस्टेबल दीपक चिमंगखम बलिदान हो गए। दीपक शनिवार को आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

डीजी बीएसएफ और सभी रैंक ने बलिदानी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। सोमवार को फ्रंटियर मुख्यालय जम्मू, पलौड़ा में सैन्य सम्मान के साथ बलिदानी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## संपादकीय

# भारत की जीत

भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता हुआ है। आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे 140 आतंकवादी मारे गए। युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। फिर भी, समझौते तक भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये काफी कुछ हासिल किया, जिनमें से ये सात बातें काफी मायने रखती हैं।

पहली बात यह कि भारत ने बदला तो उरी और पुलवामा का भी लिया था, लेकिन इस बार स्ट्राइक ज्यादा तीव्र और घातक रही। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 140 आतंकवादी मारे गए। दूसरी, भारत–पाकिस्तान मामले में यह डर हमेशा से रहता है कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और इनके बीच का टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने इस नैरेटिव को दुनिया में खूब बेचा और फायदा भी उठाया। लेकिन, पिछले एक दशक में इसमें बदलाव आया है। अब भारत छद्म और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से भी नहीं हिचकता। इस बार सौ किमी अंदर तक घुसकर उसने एक नया ट्रेंड सेट किया। तीसरी, भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। यह बात इसलिए अहम है, क्योंकि 1971 और कारगिल वॉर के दौरान भी संधि जारी रही थी। पिछले कुछ साल से भारत इस संधि को रिव्यू करने की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी कूटनीतिक बढ़त हासिल की है। चौथी, अभी तक भारत की कोशिश यह भी होती थी कि पाकिस्तान को सबूत सौंपकर रास्ते पर लाने की कोशिश की जाए, उस पर इंटरनैशनल कम्युनिटी का प्रेशर बनाया जाए। नई दिल्ली ने प्रेशर तो बनाया, लेकिन साथ में खुद एक्शन लेकर बताया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। पांचवीं, अब से हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा और यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। पाकिस्तान को इसके बाद अपने यहां के आतंकवादियों को कंट्रोल करना पड़ेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो भारत ने संकेत दिया है कि वह आगे भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा। छठी, भारत ने मॉडर्न वॉरफेयर की अपनी क्षमता साबित की। यह भी दिखाया कि उसका डिफेंस सिस्टम कितना मजबूत है। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर उसने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को बखूबी नाकाम किया। सातवीं, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आर्मी और चुनी हुई सरकार का अंतर्विरोध भी सामने आ गया। राजनीतिक नेतृत्व से बात नहीं बनी तो अमेरिका ने समझौते का प्रेशर डालने के लिए पाकिस्तान के आर्मी चीफ से बात की।

# भारत-पाक तनाव के बीच चीन ने अमेरिका से की टैरिफ डील

## 90 दिनों के लिए शुल्क घटाएंगे दोनों देश




**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे 90 दिनों की शुरूआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच, चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत तक शुल्क वसूलेगा। अमेरिका और चीन के संयुक्त बयान में क्या कहा गया सोमवार को एक संयुक्त बयान के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचानते हुए अमेरिका और चीन के बीच सहमति बनी। दोनों देशों ने एक स्थायी, दीर्घकालिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचाना। दोनों देशों ने अपनी हालिया चचाओं पर विचार किया और माना कि निरंतर चचाओं में उनके आर्थिक और व्यापार संबंधों में प्रत्येक पक्ष की चिंताओं को दूर करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, दोनों देश आर्थिक और व्यापार संबंधों के बारे में चर्चा जारी रखने के लिए एक तंत्र स्थापित करेंगे।

दोनों देशों के बीच व्यापारिक चर्चा के लिए अधिकारियों की लिस्ट तैयार इन चचाओं के लिए चीनी पक्ष के प्रतिनिधि स्टेट काउंसिल के वाइस प्रीमियर हे लिफेंग होंगे, और अमेरिकी पक्ष के प्रतिनिधि ट्रेजरी के सचिव स्कॉट बेसेंट और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमीसन ग्रीर होंगे। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त बयान में कहा गया, ये चचाएं चीन और अमेरिका में बारी-बारी से आयोजित की जा सकती हैं, या पार्टियों की सहमति से किसी तीसरे देश में की जा सकती हैं। आवश्यकतानुसार, दोनों पक्ष प्रासंगिक आर्थिक और व्यापार मुद्दों पर कार्य-स्तरीय परामर्श कर सकते हैं। अमेरिका और चीन की घोषणा से वैश्विक बाजार पर क्या असर अमेरिका और चीन की घोषणा से वैश्विक शेयरों में उछाल आया। अमेरिकी वायदा बाजार में 2 प्रतिशत से अधिक की मजबूती आई। हांगकांग के हैंग सेंग सूचकांक में करीब 3 प्रतिशत की उछाल आई और जर्मनी और फ्रांस के बेंचमार्क सूचकांकों में 0.7 प्रतिशत की तेजी आई।

### अमेरिका ने पूर्व में 90 दिनों के लिए टैरिफ को टालने का लिया था फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों ऐसे देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाए थे, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। बाद में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कई देशों द्वारा व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत शुरू करने के बाद 90 दिनों के लिए शुल्क रोकने का फैसला किया। 9 अप्रैल से शुरू होने वाले इन 90 दिनों में, राष्ट्रपति ट्रम्प सभी देशों पर 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क लगाते हैं। चीन के लिए, ट्रम्प ने संकेत दिया था कि शुल्क 245 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। अमेरिका के लिए, चीनी शुल्क 125 प्रतिशत थे। अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद से, राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ पारस्परिकता पर अपना रुख दोहराया है, इस बात पर जोर देते हुए कि संयुक्त राज्य अमेरिका निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए भारत सहित अन्य देशों द्वारा लगाए गए शुल्कों का मिलान करेगा।

## भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर से बाजार में बंपर बढ़त

### सेंसेक्स 2975 अंक चढ़ा, निफ्टी 24900 पार



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की खबरों के बाद सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक आसमान छू गए। बाजार की बढ़त को अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के नरम पड़ने का भी फायदा मिला। दोनों देश इस समझौते पर पहुंचे हैं कि वे 90 दिनों की शुरूआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और काउंटर टैरिफ वापस ले लेंगे। इस बीच - चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा।

सोमवार को सेंसेक्स 2,975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम ने बाजार में तेज उछाल का मार्ग प्रशस्त किया है। विजयकुमार ने कहा, उच्च जीडीपी वृद्धि और वित्त वर्ष 26 में आय वृद्धि के पुनरुद्धार तथा मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में गिरावट जैसी घरेलू मैक्रोज बाजार में उछाल के फिर से शुरू होने के लिए शुभ संकेत हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निरंतर खरीदारी भी आज की तेजी का मुख्य कारण है। हालांकि, व्यापक सूचकांकों में उछाल के बीच, फार्मा क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को अपेक्षाकृत झटका लगा है।

## जलवायु संरक्षण में भारत की भूमिका अहम, दुनिया ने माना- एशिया का लीडर



**नई दिल्ली।** जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा किए जा रहे कामों को पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है। एक वैश्विक मंच ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत ऊर्जा परिवर्तन के मामले में एशिया का नेता बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट ग्रुप की सीईओ हेलेन क्लार्कसन ने सिंगापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'एशिया में ऊर्जा परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका है। यह अपने जलवायु लक्ष्यों में लगातार प्रगति कर रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा पर खासा फोकस किया जा रहा है। यह उत्साहजनक है।' हेलेन क्लार्कसन ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में देखी गई प्रगति के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार है।' उन्होंने भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है।

### 'एशिया ही आर्थिक और जलवायु संकट से निपटने की राह दिखा सकता है'

क्लार्कसन ने कहा, 'एशिया एक ही बार में दो बड़े संकटों – आर्थिक और जलवायु – से निपट सकता है, अगर इसके उद्योग और सरकारें स्वच्छ तकनीक, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित ऊर्जा सुरक्षा और डीकार्बोनाइज्ड आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ आगे बढ़ें। एशिया ही वह जगह है जहां बदलाव की जीत होगी या हार होगी।' 8 मई को आयोजित क्लाइमेट ग्रुप एशिया एक्शन समिट में एशिया भर के व्यापारिक नेता और नीति निमार्ता एक साथ आए। क्लार्कसन ने कहा कि 'हमें साहसिक नेतृत्व, अभिनव समाधान, रणनीतिक स्वच्छ निवेश और सरकारों की दीर्घकालिक सोच की जरूरत है।

## भारत ने मालदीव को दी 50 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता, विदेश मंत्री ने जताया आभार



**नई दिल्ली।** भारत ने 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट किया, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दशार्ती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी। मालदीव में भारतीय उच्चायोग के अनुसार, भारत ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मालदीव के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है। मार्च 2019 से, भारत सरकार एसबीआई ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रही है और सालाना, ब्याज-मुक्त तरीके से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रही है। यह सुविधा मालदीव को आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में एक अनूठी सरकार-से-सरकार व्यवस्था के तहत दी गई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग–अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है – 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पहला कैदी– तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसरा कैदी– बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी– वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी– वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

---

बॉयफ्रेंड– जानू कहां गायब थी 3 घंटे से?
गर्लफ्रेंड– मॉल गई थी बेबी, शॉपिंग करने।
बॉयफ्रेंड– अच्छा जानू, क्या–क्या लिया?
गर्लफ्रेंड– बेबी, एक हेयर बैंड और 45 सेल्फी।

---

भिखारी– साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा।
साहब शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो।
भिखारी– तो क्या दफ्तर खोल लूं?

## 13 05 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


मेघा गुप्ता
अभिनेत्री


सुनीता सिंह


सुमन आजाद


जयंती रंगनाथन


आलोक शर्मा


अंकुर त्यागी


प्रमोद ठाकुर


आलोक शर्मा


वीरू शर्मा


सुदर्शन प्रसाद


मनीष गुप्ता



हरिओम शर्मा


मोहित गिरी



पुष्पेन्द्र शुक्ला


नितिन मित्तल


विशाल पांचाल


प्रिंस कुमार


अजय नागर


मुकेश कुमार



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...


# महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए भारतीय टीम का एलान, स्क्वॉड में 24 खिलाड़ियों को जगह



**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। टीम 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी। मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी। दीपिका, नवनीत, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा फॉरवर्ड होंगी। स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम के चयन पर बोलते हुए कहा, 'हमने एक संतुलित टीम बनाई है जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का मिश्रण है। यूरोपीय चरण प्रो लीग का एक अहम चरण है और हम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं।'

# कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के अंदर दो बड़े झटके लगे हैं। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से मीडिया में यह बात चल रही थी कि कोहली ने बीसीसीआई को अपने संन्यास के बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन बीसीसीआई ने आगामी इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने का ही फैसला किया। भारत के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि बुधवार को नियमित कप्तान रोहित ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था। एक हफ्ते के अंदर दो दिग्गज खिलाड़ियों के संन्यास से फैंस सदमे में हैं। इसी के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक अध्याय का अंत हो गया। भारत को इंग्लैंड का दौरा अगले महीने करना है। इस दौरान टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।




### कोहली तीनों प्रारूप में रह चुके हैं कप्तान

कोहली तीनों प्रारूप में टीम इंडिया की कमान भी संभाल चुके हैं। वह 2014 में धोनी के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहली बार कप्तान बने थे। तब से लेकर 2022 में दक्षिण अफ्रीका दौरे तक टेस्ट में कप्तान रहे। वहीं, 2021 में उनसे टी20 और वनडे की कप्तानी छीन ली गई थी। कोहली ने अपना टेस्ट डेब्यू में 20 जून 2011 को सबिना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। वहीं, आखिरी टेस्ट उन्होंने इसी साल सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

विराट अब सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। वह पिछले साल टीम इंडिया के टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। कोहली ने कुल मिलाकर 123 टेस्ट खेले और इसकी 210 पारियों में 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए। इसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। टेस्ट करियर में कोहली ने कुल 1027 चौके और 30 छक्के लगाए। इसके अलावा टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 125 मैचों में 48.7 की औसत और 137.05 के स्ट्राइक रेट से 4188 रन बनाए। इसमें एक शतक और 38 अर्धशतक भी शामिल हैं। वनडे में कोहली 302 मैचों में 57.88 की औसत और 93.35 के स्ट्राइक रेट से 14181 रन बना चुके हैं। इसमें 51 शतक और 74 अर्धशतक शामिल हैं।

कोहली का प्रदर्शन पिछली दो टेस्ट सीरीज में बेहद खराब रहा था और इन दोनों सीरीज में टीम इंडिया को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड ने पिछले साल भारत आकर टीम इंडिया को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। इस सीरीज में कोहली तीन मैचों की छह पारियों में 15.50 की औसत से 93 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली पांच मैचों की नौ पारियों में 190 रन बना पाए थे। इसमें एक शतक शामिल है। कोहली ने पर्थ में पहले टेस्ट में ही शतक लगाया था।

### कोहली ने अपने पोस्ट में क्या लिखा?

विराट ने अपने पोस्ट में लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। जब मैं इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।' उन्होंने आगे अपनी टेस्ट कैप नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।

# भारतीय सेना के सम्मान में 'तिरंगा शौर्य यात्रा' का राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में आयोजित तिरंगा शौर्य यात्रा भारतीय सेना की वीरता, समर्पण और देशभक्ति को सम्मान देने का एक प्रेरणादायक अवसर बन गई। इस यात्रा का शुभारंभ ठाकुरद्वारा तिराहा स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की ओर से जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत एवं अभिनंदन की व्यवस्था की गई थी, जिसने आयोजन को और अधिक गरिमामयी बना दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, जिला उपाध्यक्ष समीर शर्मा, प्रवीण भाटी, आशु पंडित, मनोज गुप्ता, काजल छिब्बर, शैलेश सक्सेना, विपुल गोयल, नरेश चौहान, संजीव गर्ग, राजीव त्यागी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने यात्रा के मुख्य आयोजक भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को इस सफल आयोजन हेतु बधाई दी। महानगर अध्यक्ष ने सभी सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों का सेवा, शौर्य और एकता के प्रतीक इस यात्रा में आगे आकर योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल का यह प्रयास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक यह सशक्त संदेश देने में सफल रहा कि भारत का व्यापारी वर्ग सेना और राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ है, और सदैव उसके साथ खड़ा है।

# खोड़ा में संगोष्ठी : पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने बुद्ध पूर्णिमा पर किया भगवान बुद्ध को नमन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को खोड़ा पार्क संगम के डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। कार्यक्रम में भंते ने अपने प्रवचन से सबको मार्गदर्शन कर मैत्री भाईचारा का संदेश दिया। आर. पी.सिंह ने मंच संचालन की शुरूआत की बाद में मंच का सफल संचालन प्रेमपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सत्यपाल गौतम ने की। इस मौके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समिति के अध्यक्ष ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने ने कहा कि वैशाख पूर्णिमा इतिहास को दोहराती है। यह दिन आत्मबोध, त्याग और अंतर्मन की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसी दिन एक राजकुमार ने महलों का त्याग कर संन्यास लिया और बुद्ध बनकर दुनिया को शांति का संदेश दिया। पूर्व विधायक ने बाबा साहब अंबेडकर को सच्चे समाज सुधारक बताया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों से दूर रहकर बच्चों को शिक्षित करने का संकल्प दिलाया। बुद्ध पूर्णिमा या वैशाख पूर्णिमा बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इस अवसर पर संस्थापक नाथू सिंह दरोगा, बीवी सिंह, संतोष गौतम, सतपाल गौतम, राहुल भारती, रणवीर सिंह सागर, सुशील कुमार, राजेंद्र सिंह, प्रेमपाल सिंह मुकेश कर्दम आदि लोग मौजूद रहे।

# तालिबान ने अफगानिस्तान में शतरंज खेलने पर लगाया प्रतिबंध



**तालिबान।** तालिबान ने धार्मिक कारणों से अफगानिस्तान में शतरंज पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस तरह के अजीबोगरीब वजह का हवाला देकर तालिबान ने मनोरंजन और खेल के विभिन्न रूपों का विरोध जारी रखा है। अफगानिस्तान के खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह निर्णय 'धार्मिक विचारों' और तालिबान के सदाचार संवर्धन और वाइस की रोकथाम मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंधों के कारण लिया गया।

इस फैसले से अफगानिस्तान में शतरंज से जुड़ी गतिविधियों पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लग गई है। तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के अधिकारियों ने 11 मई को शतरंज गतिविधियों के निलंबन की पुष्टि करते हुए कहा कि धार्मिक चिंताओं के बारे में उपयुक्त प्रतिक्रिया मिलने तक देश में खेल पर प्रतिबंध लगा रहेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन मुद्दों को संबोधित किए बिना शतरंज से संबंधित किसी भी गतिविधि को फिर से शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के सदाचार संवर्धन और वाइस रोकथाम मंत्रालय ने अफगानिस्तान शतरंज महासंघ को भी भंग कर दिया है, जिसमें इस्लामी कानून की व्याख्या के अनुसार खेल को 'हराम' (निषिद्ध) करार दिया गया है। यह निर्णय तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से सांस्कृतिक, सामाजिक और खेल आयोजनों पर लगाए गए प्रतिबंधों की बढ़ती प्रवृत्ति के बाद लिया गया है। प्रतिबंध के संबंध में तालिबान की घोषणा से पहले, कई शतरंज खिलाड़ियों और इससे जुड़े अधिकारियों ने कथित तौर पर तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय से अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए अनुमति और वित्तीय सहायता का अनुरोध किया था। हालांकि, तालिबान ने प्रतिबंध की घोषणा की, जिससे खेल खेलने के उनके प्रयासों को खारिज कर दिया गया।

कभी अफगानिस्तान में एक बौद्धिक खेल माने जाने वाले शतरंज ने हाल के वर्षों में पुनरुत्थान का आनंद लिया है, जिसमें राष्ट्रीय महासंघ तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के तहत काम कर रहा है। इस्लामी कानूनी व्याख्याओं का हवाला देते हुए तालिबान के हालिया रुख ने अफगानिस्तान में सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों को प्रतिबंधित करने की उनकी व्यापक रणनीति का प्रदर्शन किया।

शतरंज खेलने पर प्रतिबंध अफगानिस्तान में स्वतंत्रता पर तालिबान के बढ़ते प्रतिबंधों को प्रदर्शित करता है। तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं पर कई प्रतिबंध भी लगाए हैं। यह देखा जाना बाकी है कि ये नीतियां कब तक चलेंगी या क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान पर अपने फैसलों को वापस लेने के लिए दबाव डाल पाएगा। इससे पहले फरवरी में तालिबान ने घोषणा की थी कि 22 मार्च से छात्रों को तालिबान द्वारा जारी नई यूनिफार्म पहननी होगी। नोटिस के मुताबिक, कक्षा एक से नौवीं तक के छात्रों को नीली शर्ट, पैंट और सफेद टोपी पहननी होगी। खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को सफेद शर्ट, पैंट और हेडस्कार्फ या पगड़ी पहननी होगी।

इससे पहले, तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने नौ-बिंदु डिक्री पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें कहा गया था कि सभी सार्वजनिक और निजी स्कूल यूनिफार्म में एक शर्ट, पैंट, पगड़ी और सफेद टोपी शामिल होगी। विधेयक में महिला शिक्षकों या छात्रों के लिए वर्दी के बारे में विवरण शामिल नहीं था। छात्राओं के लिए वर्दी का रंग काला है। अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से, तालिबान ने लड़कियों को छठी कक्षा से ऊपर के स्कूलों में पढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है और विश्वविद्यालयों और चिकित्सा शिक्षा केंद्रों के दरवाजे उनके लिए बंद कर दिए हैं।

# गिल या पंत में से चुना जाएगा टेस्ट कप्तान? बुमराह ने खुद को दौड़ से किया बाहर



**मुंबई।** रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद इस प्रारूप में टीम इंडिया के नए कप्तान को लेकर जद्दोजहद जारी है। भारत को अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इससे पहले बीसीसीआई को टीम का चयन करना है। हालांकि, नया कप्तान कौन बनेगा इसको लेकर अभी तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। इस रेस में जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल के रूप में दो खिलाड़ी थे, लेकिन स्काई स्पोर्ट्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह ने कथित तौर पर अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ से खुद को बाहर कर लिया है। अब यह रेस गिल और ऋषभ पंत के बीच है।

बुमराह को टेस्ट कप्तान की भूमिका के प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उन्होंने चयनकताओं को सूचित कर दिया है कि वह वर्कलोड की वजह से पांच मैचों की लंबी टेस्ट सीरीज के सभी मैच खेलने की गारंटी नहीं दे सकते। ऐसे में अब यह बात सामने आ रही है कि चयनकर्ता किसी ऐसे व्यक्ति को प्राथमिकता देंगे जो पूरी सीरीज में लगातार खेल सके।

बुमराह के दौड़ से बाहर होने के बाद चयनकर्ता कप्तानी के लिए गिल और पंत में से किसी एक को चुन सकते हैं। जिस भी खिलाड़ी को कप्तान के रूप में नहीं चुना जाता है, उसे उप-कप्तान नामित किए जाने की उम्मीद है। इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक घोषणा 24 मई तक होने की उम्मीद है।

# सचिन के 100 शतकों का रिकॉर्ड सुरक्षित? कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद रिकॉर्ड टूटना मुश्किल

**मुंबई।** विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या अब सचिन तेंदुलकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाने का रिकॉर्ड सुरक्षित हो गया है? माना जाता था कि अगर कोई खिलाड़ी है जो इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकता है तो वह कोहली है। एक बार जब सचिन से अवॉर्ड समारोह के दौरान पूछा गया था कि कौन सा खिलाड़ी उनके 100 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है, तो उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा के नाम लिए थे। दिलचस्प बात यह है कि एक सप्ताह के भीतर ही इन दोनों खिलाड़ियों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया।

### सचिन की बराबरी करने से 18 शतक दूर थे

कोहली ने सोमवार को टेस्ट प्रारूप से संन्यास लिया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 82 शतक है। यानी कोहली सचिन के इस रिकॉर्ड की बराबरी करने से 18 शतक दूर हैं। कोहली पिछले साल टी20 अंतरराष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं और अब वह भारत के लिए सिर्फ एक प्रारूप में ही खेलेंगे। माना जा रहा है कि कोहली वनडे में अधिकतम दो साल तक खेल सकते हैं।



ऐसे समय जब वनडे प्रारूप के भविष्य को लेकर लगातार चर्चा चल रही है, उस वक्त कोहली के लिए 19 शतक लगाना बहुत ही कठिन कार्य होगा। इस बात की संभावना है कि कोहली 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलेंगे। इससे पहले, भारत को 27 वनडे मुकाबले खेले हैं जिसमें अगस्त-सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज शामिल है।

### सचिन का रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल?

ऐसा मालूम पड़ता है कि सचिन का यह रिकॉर्ड फिलहाल बरकरार रहेगा। तेंदुलकर ने 200 टेस्ट में 51 और 463 वनडे में 49 शतक बनाए थे। वहीं, कोहली ने 123 टेस्ट में 30, 302 वनडे में 51 और 125 टी20 मैचों में एक शतक बनाया है और सर्वाधिक शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर हैं। पूर्व कप्तान रोहित ने टेस्ट में 12, वनडे में 32 और टी20 में पांच समेत कुल 49 शतक लगाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची में तेंदुलकर और कोहली के बाद ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (71), श्रीलंका के कुमार संगकारा (63), दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (62) और हाशिम अमला (55), श्रीलंका के माहेला जयवर्धने (54) क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। कोहली के समकालीन इंग्लैंड के जो रूट (53), ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ( 48) और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन (48) भी करियर की ढलान पर हैं और उनके भी शतकों के शतक तक पहुंचने की संभावना नहीं हैं।

# प्रतिभाओं को मिला मंच: बरेली ताइक्वांडो स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन... प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम





**बरेली।** बरेली में अमर उजाला की ओर से रविवार को एक दिवसीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी हॉल में किया गया। इसमें बरेली ताइक्वांडो स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। एएसआर अकादमी और स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी क्रमवार दूसरे व तीसरे पायदान पर रहीं। सब जूनियर (10 से 12 साल), जूनियर, कैडेट (12 से 14 वर्ष) और (14 से 17 वर्ष) वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न अकादमी और स्कूलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने अमर उजाला की पहल की सराहना की। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रखने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि अमर उजाला की इस पहल के लिए मैं बधाई देता हूं। इससे प्रतिभागियों को न सिर्फ आत्मबल मिलेगा, बल्कि वह अपनी सुरक्षा करने में भी सक्षम होंगे। खास तौर से लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए यह विधा बहुत जरूरी है। उन्होंने विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत दिया। रेफरी और कोच को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

### सब जूनियर बालक वर्ग

अंडर 27 भार वर्ग में सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के वसीम रजा खान ने स्वर्ण, सोबतीस पब्लिक स्कूल के अदविक श्रीवास्तव ने रजत व सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के रतन सिंह ने रजत पदक जीते। अंडर 23 में बरेली ताइक्वांडो स्कूल के इंद्रजीत को स्वर्ण, सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के सौरभ राघव को रजत, राठौर अकादमी के अंकित सिंह व स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी के अधिराज सिंह को कास्यं पदक मिले।

अंडर 25 में बरेली ताइक्वांडो स्कूल के रुद्र प्रताप को स्वर्ण, जिंगल बेल्स स्कूल के आरुद्ध गंगवार को रजत, ताइक्वांडो अकादमी के प्रियांश कुमार चंदन व इनफिनिटी ताइक्वांडो अकादमी के युवांश कुमार को कांस्य पदक मिले। अंडर 29 में बरेली ताइक्वांडो स्कूल के अनुज कुमार को स्वर्ण, प्रशांत को रजत, जिंगल बेल्स के चित्रांश जिंगल व पद्मावती स्कूल के कड़ियांश को रजत पदक मिले।

अंडर 32 बरेली ताइक्वांडो स्कूल के क्षतिय कुमार को स्वर्ण, जीके सिटी के लक्ष्य कुमार को रजत, जीके सिटी के ही आर्यन सिंह व राठौड़ अकादमी के आरुष गंगवार को कांस्य पदक मिले। अंडर 38 में सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के अक्षत प्रताप को स्वर्ण, स्पार्क अकादमी के शिवांश को रजत पदक मिले। अंडर 41 में मोहम्मद साहब को स्वर्ण, अकबर खान को रजत व अनिल सागर अकादमी के आरव कुमार को कांस्य पदक मिले।

अंडर 44 में मोहम्मद साहब को स्वर्ण, सैक्रेड हाट्र्स के मानस गंगवार को रजत, रयान शब्स व विद्या ताइक्वांडो अकादमी के दक्ष पटेल को कांस्य पदक मिले। अंडर 50 में सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के असद खान स्वर्ण, चंदन ताइक्वांडो अकादमी के ध्वज कुमार को रजत, जीके सिटी के आशुतोष शर्मा व राठौर अकदामी के अनिरुद्ध पाल को कांस्य पदक मिले।

### कैडेट वर्ग बालक

अंडर 33 किग्रा में बो स्कूल ऑफ ताइक्वांडो के जितेन कुमार को स्वर्ण, सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के अभिषेक गंगवार को रजत, राठौर अकदामी के मो. अजमत व बरेली ताइक्वांडो स्कूल के अमनदीप को कांस्य पदक मिले।

अंडर 37 में इनफिनिटी ताइक्वांडो अकादमी के शिवम कुमार को स्वर्ण, जीके सिटी के देवांश अरोरा को रजत, राठौर अकदामी के अनंत उपाध्याय व इनफिनिटी ताइक्वांडो अकादमी के आलोक को कांस्य पदक मिले। अंडर 45 में बो स्कूल ऑफ ताइक्वांडो के आरिज को स्वर्ण, विद्या ताइक्वांडो अकादमी के सक्षम को रजत, गोल्डन ग्लोब्स ताइक्वांडो अकादमी के यातिन पटेल व स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी के दीप मोरे राय चौधरी को कांस्य पदक मिले।

अंडर 53 में विद्या ताइक्वांडो अकादमी के आर्यन पटेल को स्वर्ण, स्ट्रीक फोर्स ताइक्वांडो अकादमी के मोहम्मद जावेद को रजत, इसी अकादमी के देवांश गुप्ता व राठौर अकादमी के संस्कार को कांस्य पदक मिले। अंडर 57 में विद्या ताइक्वांडो अकादमी के कुलदीप को स्वर्ण, दुष्यंत सक्सेना को रजत, सोबतीस पब्लिक स्कूल के अरहान व जिंगल बेल्स स्कूल के यश यादव को कांस्य पदक मिले। अंडर 61 में स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी के दिव्यांश यादव को स्वर्ण, सैक्रेड हाट्र्स स्कूल के रितेश सिंह को रजत पदक मिले। अंडर 65 में विद्या

# मंडल गठन को लेकर हुई भाजपा की बैठक

## मंडल से लेकर सेक्टर और बूथ को करने जा रही भाजपा मजबूत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के सामने 2027 का चुनावी रण है। वो अब अपने कार्यकताओं की फौज को इसी चुनावी जंग के मद्देनजर तैयारी कर रही है। वो जितने भी आयाम ला रही है वो इसी चुनावी रणनीति का हिस्सा है। गाजियाबाद भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां लोकसभा से लेकर विधानसभा तक बड़ी जीत भाजपा को मिलती है। नगर निगम में भाजपा का ये जलवा है कि उसने विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है और 100 पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद उसी के बैठे हैं। अगर जनप्रतिनिधियों की बात करें तो उनके हिस्से में ये मौज ऐसे ही नहीं आई है। किसी को विधानसभा में देश की सबसे बड़ी जीत मिली है तो किसी ने लोकसभा वाले रण में लखनऊ और बनारस के मुकाबले ज्यादा बड़ी जीत हासिल की है। जनप्रतिनिधियों की इस चुनावी मौज के पीछे सबसे बड़ी ताकत उन कार्यकताओं की फौज की है जो चुनावी रण में बूथ से लेकर मंडल तक काम करती है। एक-एक वोट पर फोकस करती है। अब जब भाजपा के सामने 2027 की चुनावी तैयारी है तो यहां महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। मयंक गोयल भाजपा के संगठन चक्रव्यूह की हर कला से परिचित हैं और भाजपा की संगठन बैठक में उनकी तारीफ भी हुई। दरअसल अब भाजपा मंडल गठन को लेकर तैयारी कर रही है। मंडल के प्रवासी घोषित हो चुके हैं और अब वह मंडल पर अपनी फौज तैनात करने जा रही है।

बताया जाता है कि मंडल से ही भाजपा सेक्टर पर फोकस करेगी और सेक्टर से वो बूथ को मजबूत करेगी। बुलंदशहर में जब संगठन बैठक हुई तो यहां प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल मौजूद थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया मौजूद थे। गाजियाबाद के मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। इस बैठक में मंडल को लेकर चर्चा हुई और जो बूथ निष्क्रिय चल रहे हैं उन्हें फिर से सक्रिय करने पर विचार हुआ। क्योंकि भाजपा ये जानती है कि जब बूथ ठीक हो जाएगा तो संगठन का ढांचा अपने आप दुरुस्त हो जाएगा। बूथ से सेक्टर और सेक्टर से मंडल मजबूत होगा।



### पार्टी उत्सव का आएगा पूरा आयाम और कार्यकर्ता करेंगे काम

**करंट क्राइम।** मंडल स्तर पर टीमें गठित होने के बाद काम ही काम रहेगा। पार्टी के पास पूरा कैलेंडर आ चुका है। पार्टी उत्सव पर कार्यक्रम होंगे, जिनमें प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन होगा, पार्टी का स्थापना दिवस होगा, मन की बात होगी, महापुरुषों के जन्मदिन होंगे और यह सब कार्यक्रम पार्टी उत्सव वाले चार्ट में आएंगे। जहां तक महानगर की घोषणा की बात है तो अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी, फिर प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होगी और उसके बाद महानगर का नंबर आएगा, लेकिन तब तक संगठन अपना काम करेगा और जीत का एक चक्रव्यूह बनाएगा।

### मंडल में 60, बूथ पर 2500 और 360 शक्ति केंद्र का फॉर्मूला

**करंट क्राइम।** भाजपा अपने कप्तान मयंक गोयल की कप्तानी में भगवा गढ़ की पिच पर जबर्दस्त जीत हासिल करने के लिये मेहनत कर रही है। यहां संगठन स्तर पर मंडल पर फोकस होगा और कार्यकताओं का समायोजन होगा। उन्हें दायित्व दिये जाएंगे और यहीं से भाजपा अपने शक्तिशाली चुनावी चक्रव्यूह का गठन करेगी। प्रत्येक मंडल में 60 कार्यकताओं को कार्य का अवसर मिलेगा। ये प्रक्रिया लगभग एक हफ्ते में पूरी हो जाएगी। 20 मंडल हैं और एक मंडल में 60 कार्यकर्ता समायोजित होंगे तो मंडल स्तर पर ही 1200 कार्यकर्ता समायोजित हो जाएंगे। इसके बाद मंडल की मेन टीम आएगी जिसमें महामंत्री, उपाध्यक्ष पद पर कार्यकर्ता समायोजित होंगे। हर मंडल में 60 की कार्यसमिति बनेगी। इसके बाद 360 शक्ति केंद्र स्थापित होंगे जो मजबूती से काम करेंगे और 2500 बूथ पर शक्तिशाली टीम गठित हो जाएगी।

### जब मयंक गोयल के मैनेजमेंट की हुई जमकर तारीफ

**करंट क्राइम।** मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष बनें और उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से लेकर दुर्गा भाभी चौक पर दो सफल कार्यक्रम आयोजित कराए। मयंक गोयल के लिये ये कोई नई बात नहीं है, लेकिन महानगर अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपनी क्षमता का परिचय दे दिया है। जब तिरंगा शौर्य यात्रा निकली तो यहां मयंक गोयल के प्रबंधन ने वास्तव में भाजपा के बड़े नेताओं को प्रभावित किया। बताया जाता है कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री और तिरंगा शौर्य यात्रा के प्रदेश प्रभारी अनूप गुप्ता ने मयंक गोयल के प्रबंधन की तारीफ की। यहां सभी ने देखा कि मई के महीने में कार्यकताओं की एक बड़ी भीड़ मौजूद थे। तिरंगा शौर्य यात्रा में पब्लिक पहुंची थी और सबसे बड़ी बात अनुशासन और व्यवस्था की थी।

सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय बैठक में अनूप गुप्ता ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए मयंक गोयल की जमकर तारीफ की और इसके बाद बुलंदशहर वाली बैठक में भी जब प्रदेश महामंत्री से मयंक गोयल मिले तो उन्होंने भी मुस्कराकर मयंक गोयल के प्रबंधन की तारीफ की और कहा कि तुमने बहुत जबर्दस्त काम किया। ठाकुरद्वारा से लेकर दुर्गा भाभी चौक तक जिस तरह से तिरंगा शौर्य यात्रा निकली। अनेक स्थानों पर स्वागत प्वाइंट बनाए गए, जबर्दस्त स्वागत हुआ, जबर्दस्त भीड़ थी और बेहद व्यवस्थित तरीके से इस यात्रा ने बड़े नेताओं को प्रभावित किया है।

सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में निकाली गई यह यात्रा आने वाले समय में अन्य मंडलों के लिये एक रोल मॉडल बन सकती है। क्योंकि इस तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम ने भाजपा के बड़े संगठन नेताओं को प्रभावित किया है। यह भीड़ की दृष्टि से सफल कार्यक्रम था। यह व्यवस्था की दृष्टि से बेहद अनुशासित कार्यक्रम था और पार्टी जो संदेश इस यात्रा के जरिये देना चाहती थी उस संदेश को जनता तक पहुंचाने में मयंक गोयल का मैनेजमेंट सफल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि मयंक गोयल के नेतृत्व में निकली ये तिरंगा शौर्य यात्रा रोल मॉडल बन सकती है। अन्य जिलों में भी इसी थीम पर यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्हें बताया जाएगा कि जिस तरह से गाजियाबाद महानगर में तिरंगा शौर्य यात्रा निकली है, उसकी दूरी कितनी थी, उसके स्वागत प्वाइंट कितने थे, उनकी थीम किस तरह से सजाई गई थी और किस तरह से वो एक व्यवस्थित कार्यक्रम को लेकर चले हैं।

भले ही भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल इस पूरे मामले पर मौन साधे हुए हैं और इसे मुस्कराकर वो कार्यकताओं की उपलब्धि बता रहे हैं वो इसका पूरा क्रेडिट महानगर के देवतुल्य कार्यकताओं को दे रहे हैं, मगर इस तथ्य को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि मयंक गोयल ने अध्यक्ष के रूप में जो कार्यक्रम मिला उस पर बेहद बारीकी से काम किया और एक सफल कार्यक्रम उन्होंने अपने नाम किया।




### भर जाता है मैदान मगर उस हॉल को भरने के लिए क्यों लगती हैं बसें

फूल वालों का कार्यक्रम हो तो उसकी तैयारियां भी होती हैं और टारगेट भी तय होते हैं। फूल वालों के यहां तो वैसे भी पोलिटिक्ल बेगार करने के लिए मारा मारी मच रही है। फूल वाले कार्यक्रम अगर मैदान में करते हैं तो बसों का जिक्र नहीं आता। लेकिन पंडित जी वाले उस हॉल में ऐसा क्या है कि उसे भरने के लिए बसें लगायी जाती हैं। बीतें दिनों कार्यक्रम हुआ तो नए अध्यक्ष ने भी हाथ उठाकर संकल्प दिलाया कि 6000 देवतुल्य आने हैं। वो तो देवतुल्य ने ही धीरे से कहा कि हुजूर-ए-आला इसकी तो क्षमता ही 1000 की है। सितम ये भी हुआ कि जब कार्यक्रम हुआ तो हॉल के बाहर बसें खड़ी थी। ये बसें बृजविहार से लेकर अन्य जगहों से आईं थी। यानी तय हो गया कि हॉल भरने के लिए बसें लगाईं गई। अब जब परशुराम वालों ने कार्यक्रम किया तो ये पूरी तरह भगवा रंग में रंगा था। हॉल वही दीन वाला दयाल था और बसों का वही हाल था। आयोजक ने बताया कि बड़ी मेहनत करी है हमने 12 बसें लगाईं थी तब जाकर भीड हुई है। यानी सांसद, विधायक, मेयर को बुलाने के बाद भी एक 1000 की क्षमता वाले हॉल को भरने के लिए अगर 12 बसें लगानी पड़ रही हैं तो अब इस हॉल का वास्तू हो जाना चाहिए। ठाकुरद्वारे से दुर्गा भाभी चौक आते हैं, कोई बस नहीं लगाते हैं। रामलीला मैदान में कार्यक्रम कर लेते हैं, कोई बस नहीं लगाते हैं। मगर इस 1000 की कैपेसिटी वाले हॉल में ऐसा क्या है कि कोई 4 बस लगा रहा है तो कोई एक दर्जन बसें लगा रहा है।

### कौन से मंत्री जी लिखने जा रहे हैं महाराज जी के जीवन पर किताब

अब वो दौर नहीं है जब मंहगाई की बात होती थी, क्राइम की बात होती थी, विकास की बात होती थी, शिक्षा की बात होती थी। अब तो सरकार के मंच से कह चुके कि विकास इतना जरूरी नहीं है जितनी जरूरी सुरक्षा है। वो बांग्लादेश और कश्मीर का उदाहरण दे रहे हैं। मंत्री जी चतुर सुजान हैं और जानते हैं कि कौन से मौके पर क्या कहना है। उन्हें पता है कि विकास की बेला नहीं है इसलिए उन्हें महकमा भले ही कम्प्यूटर वाला मिला। मगर वो कभी कथा के मंच पर बैठ जाते हैं तो कभी अध्यात्म का संदेश देते हैं। सुना है कि मंत्री जी अब मठ वाले महाराज के जीवन पर किताब लिखने वाले हैं। फूल वाले भी कम नहीं है और उन्हें भी भनक लग गई है। वो अभी से कहने लगे हैं कि किताब विताब कुछ नहीं है। सब महाराज जी को सेट करने का सोचा-समझा प्लान है।

### जब भी माऊथ खोलना तो इसकी तारीफ उसके सामने मत करना

फूल वालों की पोलिटिक्ल चूल अलग ही है। फौज वालों को सियासी वनवास देने के लिए ऐसे हाथ मिलाये थे कि रिश्तेदार भी फेल कर दिये थे। रोज दिल्ली जायें और बुराई करें। आखिरकार फौज वाले तो चले गये लेकिन अब जो नई फौज है उनमें किसी दिन फौजदारी हो जायेगी। नौबत ये आ गई है कि देवतुल्य अब ये देख लेते हैं कि अपने ही दल के इस माननीय की तारीफ उस माननीय के सामने करनी है या नहीं। बुराई का कुछ असर हो या ना हो लेकिन तारीफ के इफैक्ट जरूर आ लेते हैं। फूल वाले ही बता रहे हैं कि अगर संगठन वालों के सामने विधानसभा वालों की अगर गलती से भी तारीफ कर दी तो सारी बुराई तारीफ करने वाले में नजर आयेगी। ये हाल एक जगह का नहीं है और अब तो ये मैसेज धीरे धीरे उस ग्रुप में फैल गया है जो नई वाली टीम में सेट होने से लेकर कृपा वाले फ्रेम में आना चाहता है। उन्होंने जुबान से ये संदेश दे दिया है कि देखो जब भी माऊथ खोलना तो सोच समझ कर खोलना और उनकी तारीफ में कुछ मत बोलना।

# गौशाला के पास शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर के सुठारी गांव में दोपहर के समय बिजली के तारों से निकली चिंगारी से गौशाला के पास भूसे के ढेर में आग लग गई। गौशाला में करीब 100 गायें थीं, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया।



घटना उस समय हुई जब गांव के लोग एक वृद्ध व्यक्ति के अंतिम संस्कार से लौट रहे थे। गौशाला में आग लगने की सूचना मिलते ही सभी लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गौशाला में रखे भूसे को बचा लिया, लेकिन तब तक आसपास रखे बीतोड़ों में आग फैल चुकी थी। प्रधान पति लोकेंद्र यादव ने मौके पर जल भरी बाल्टियां लाकर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जो 17 मिनट में दो फायर टेंडर लेकर मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव ने बताया कि कई बार बिजली विभाग से गौशाला में उचित बिजली कनेक्शन देने की मांग की गई थी। लेकिन विभाग ने आज तक गौशाला की लाइन ठीक तरीके से नहीं बनाई। इसी लापरवाही के कारण शॉर्ट सर्किट से यह हादसा हुआ।

# भाजपा महानगर मंडल प्रवासियों की लिस्ट जारी

## महामंत्री-पूर्व अध्यक्ष और पूर्व पार्षदों को मिली जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर की मंडल प्रवासी सूची घोषित हो गई है। मंडल प्रवासियों में पूर्व महानगर अध्यक्ष, पर्व पार्षद से लेकर कई अन्य नाम शामिल हैं। भाजपा के निवर्तमान महानगर महामंत्री राजेश त्यागी को मुरादनगर देहात मंडल का प्रवासी बनाया गय है। पूर्व महामंत्री राजन आर्य वाल्मीकि को मुरादनगर शहर मंडल का मंडल प्रवासी बनाया गया है। गांधीनगर मंडल का प्रवासी भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रोबिन तोमर को बनाया गया है। कविनगर मंडल का प्रवासी विनोद कसाना को बनाया गया है। राजनगर मंडल का प्रवासी संजीव झा का बनाया गया है। भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष रहे संजयकांत शर्मा को शालीमार गार्डन का मंडल प्रवासी बनाया गया है। जयकमल अग्रवाल को




अर्थला-मोहननगर मंडल का प्रवासी बनाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा को शहर मंडल का प्रवासी बनाया गया है। पूर्व पार्षद जयनंद शर्मा को खोड़ा मंडल का प्रवासी बनाया गया है। साहब सिंह सिरोही को लाजपत मंडल का प्रवासी बनाया गया है। भानू शिशौदिया को बृजविहार मंडल का प्रवासी बनाया गया है। अमित रंजन को इंदिरापुरम मंडल और अजय शर्मा को वसुंधरा मंडल का प्रभारी बनाया गया है। सच्चिदानंद शर्मा को नंदग्राम मंडल तथा नवनीत मित्तल को क्रॉसिंग मंडल का प्रवासी बनाया गया है। देवेंद्र यादव को विजयनगर मंडल का प्रवासी बनाया गया है। इसके अलावा प्रहलाद दुआ को प्रताप विहार तथा गुंजन शर्मा को खोड़ा-मकनपुर मंडल का प्रवासी बनाया गया है। सोमवार को ही बुलंदशहर में मंडलों को लेकर बैठक आयोजित हुई थी और इसी बैठक के बाद मंडल प्रवासियों की सूची जारी कर दी गई।

# पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

## 36 दोपहिया चालकों को पुलिस ने मुफ्त में दिए हेलमेट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अनूठी पहल की। पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे 36 लोगों को मुफ्त में हेलमेट वितरित किए। एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। मोहन नगर चौराहे पर यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और इसके महत्व के बारे में समझाया। यातायात पुलिस ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जो चालक बिना हेलमेट के मिले, उन्हें अच्छी गुणवत्ता के हेलमेट निःशुल्क दिए गए। हेलमेट पाने वाले नकुल और आमिर ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे अब हमेशा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करेंगे।






## अब पानी के साथ मीठा और पेठा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार पुलिस का नया चेहरा देखने को मिल रहा है। पुलिस कमिश्नर के कार्यालय से लेकर थानों तक में पुलिस का व्यवहार और स्वभाव बदलता हुआ नजर आ रहा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नर के इन फैसलों की जनजन में तारीफ हो रही है। उनका सरल स्वभाव और आने वाले फरियादियों के साथ व्यवहार की चर्चा दूर-दूर तक शुरू हो गई है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के मुख्य कार्यालय में आने वाले फरियादियों और आगंतुकों को बाकायदा बैठने के लिए अच्छा माहौल दिया जा रहा है। तो उनके वहां पहुंचने पर उन्हें गर्मी के मौसम में ठंडा पानी और पानी के साथ मीठा और पेठा दिया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर के कार्यालय का ऐसा रूप देखकर वहां आने वाले भी हैरान हो जाते हैं। वैसे जब से पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नए पुलिस कमिश्नर आए हें तब से लोगों या कहें आम जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मिलने आते हैं। साथ ही अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं। जो लोग पुलिस ऑफिस पहुंच रहे हैं, उनके



दिमाग में पुलिस की अलग छवि और सकारात्मक नजरिया बन रहा है। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के ऑफिस पहुंचने वाले लोगों को ना सिर्फ ठंडा पानी मिल रहा है बल्कि ऐसा खास लोगों के साथ नहीं बल्कि आम जनता के साथ भी किया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस ऑफिस को लगातार बेहतर बनाने के लिए बड़े स्तर पर वर्किंग चल रही है। तो पुलिस ऑफिस की मुख्य दीवार ठीक की जा रही है। तो वहां अब पार्किंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ ही प्रथम तल पर एक बड़ा रूम बनाया जाएगा, जहां पुलिस अधिकारियों की बैठकें हुआ करेंगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सभी थानों में जहां बच्चों के लिए टॉफी वाला अभियान चल रहा है। तो पुलिसकर्मियों को आम जनता के साथ तू ,तड़ाक और तुम जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं करने को लेकर भी पालन करवाया जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस की वर्किंग सुधार से लेकर कई अन्य व्यवस्थाओं पर भी पुलिस कमिश्नर का फोकस जारी है, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की इमेज को बेहतर बना रहा है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई और बेहतर कार्य होंगे।

# हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दो दिवसीय मदर्स डे समारोह

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वेव सिटी, गाज़ियाबाद स्थित हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं के सम्मान में विविध रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य माताओं की भूमिका को सम्मान देना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में नर्सरी, प्री-नर्सरी, कक्षा एक और दो के बच्चों की माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुकिंग विदाउट फायर, सलाद मेकिंग, और विशेष रूप से रैंप वाक जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। रैंप वाक में माताओं ने आत्मविश्वास से भरी कॉनफि डेंट वाक, बेस्ट ज्वैलरी, और रेट्रो थीम पर आधारित




पोशाकों में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और मातृत्व की गरिमा को एक नई पहचान दी। स्कूल की प्रधानाचार्या इंदु शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, यह मंच



माताओं की प्रतिभा को उजागर करने का एक बेहतरीन अवसर है। हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनके योगदान को सम्मानित करना चाहते हैं।

साथ ही, स्कूल के डाइरेक्टर डा० विहंग गर्ग महोदय ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं। चीफ एडमिन अखिलेश वर्मा ने बताया कि मातृशक्ति को और प्रशस्त करने के लिए फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमे 100 से अधिक बच्चों ने अपने -अपने माँ के नाम की टीशर्ट पहन कर उनके सम्मान में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई महात्मा बुद्ध की जयंती

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के आर.डी.सी, राजनगर कार्यालय पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने हमेशा समाज को अहिंसा, त्याग और सत्य का संदेश देकर मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। उन्होंने पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया। भगवान बुद्ध ने करुणा, अहिंसा और समता का मार्ग दिखाया था। आज जब देश में नफरत, भेदभाव और असमानता की राजनीति हावी है, भगवान बुद्ध का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। बुद्ध पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि शासन का धर्म सेवा



और न्याय है, सत्ता का घमंड नहीं। भगवान बुद्ध के द्वारा दिए गए अनमोल वचन प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान और जागरूकता के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस



अवसर पर फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, राजन कश्यप महानगर महासचिव, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट, महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित, संदीप प्रधान जिला अध्यक्ष बाबा साहब बहिनी ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव अवधेश यादव जिला सचिव धीरेंद्र यादव, अरुण सिंह, सुभाष सिंह, नवीन कुमार शर्मा, रामपाल सिंह राजोरा, अखिलेश सिंह, खालिद हुसैन, रिजवान चौधरी, राहुल रावत कार्यालय प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# वसुंधरा में डॉ. बीआर अंबेडकर जनकल्याण समिति ने मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को वसुंधरा बर चौक पर डॉ बीआर अंबेडकर जनकल्याण समिति द्वारा धूमधाम से बुद्ध पूर्णिमा का औेर्व मनाया गया। डॉ बी आर अंबेडकर जनकल्याण समिति वसुंधरा ने सुबह महामाया बुद्ध विहार पर भंते द्वारा भगवान बुद्ध की प्रतिमा को दूध और नारियल के पानी से नहलाया गया। ओर बुद्ध वंदना की गई उसके पश्चात बुद्ध चौक सेक्टर 5 निकट कोतवाली इंदिरापुरम पर भगवान बुद्ध की मूर्ति पर सभी अतिथियों ने पुष्प अर्पित किए।



इस मौके पर समिति के अध्यक्ष महेश गौतम ने कहा कि भगवान बुद्ध अहिंसा के पुजारी थे। उनमें दयालुता एवं करुणा का भंडार था। उन्होंने अपना सारा जीवन मानव कल्याण के हित में ही बिताया था। तभी हम उनके आदर्शों पर चल सकेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी, आशीष चौधरी, पार्षद सत्येंद्र चौधरी, ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके प्रसाद ग्रहण किया। समिति की ओर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों में प्रसाद ग्रहण किया।



इस अवसर पर समिति के संस्थापक, आईसी रवि, अध्यक्ष महेश चंद्र गौतम, उपाध्यक्ष आर एस सुमन, महासचिव ओम प्रकाश, संयुक्त सचिव एमपी सिंह, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह , शशिकांत, अंजना प्रकाश, कृष्ण सुमन ने भगवान बुद्ध के गाने गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

# गाजा में इस्राइल के हमले में 16 लोगों की मौत

## आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं हुईं शिकार



**गाजा।** गाजा में इस्राइल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं।

### हमले पर इस्राइल ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया

इस मामले में इस्राइली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

हमास ने कहा कि युद्ध विराम के प्रयास में, इस्राइल की तरफ से नाकाबंदी किए गए क्षेत्र में क्रॉसिंग को फिर से खोलने और क्षतिग्रस्त एन्क्लेव में सहायता वितरण को फिर से शुरू करने के प्रयासों के तहत गाजा में अंतिम जीवित अमेरिकी बंधक को रिहा किया जाएगा। हमास के अधिकारियों ने बताया है कि उन्हें अगले 48 घंटों में एडन अलेक्जेंडर की रिहाई की उम्मीद है।

वहीं ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ ने इसकी पुष्टि है कि हमास ने ट्रंप के प्रति सद्भावना के तौर पर अलेक्जेंडर को रिहा करने पर सहमति जताई है। मार्च में इस्राइल की तरफ से युद्ध विराम तोड़ने के बाद पहली बंधक रिहाई की घोषणा ट्रंप के इस सप्ताह मध्य पूर्व के दौरे से कुछ समय पहले हुई है। अलेक्जेंडर एक इस्राइली-अमेरिकी सैनिक है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में पला-बढ़ा है। इस्राइल की तरफ से गाजा की नाकाबंदी के कारण अकाल की आशंका है अस्पताल के मरीज सबसे कमजोर लोगों में से हैं क्योंकि गाजा में फलस्तीनी लोग खुद का पेट भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### ट्रंप के सऊदी, कतर और यूएई दौरे से पहले हमला

बता दें कि, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जा रहे हैं। दो महीने पहले युद्धविराम समाप्त करने के बाद, इस्राइल गाजा पट्टी में युद्ध को और तेज कर रहा है, जहां भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति पर 10 सप्ताह की नाकाबंदी के कारण मानवीय संकट और भी बदतर हो गया है।

# अमेरिकी-इस्राइली बंधक एडन एलेक्जेंडर को छोड़ने पर राजी हुआ हमास, 19 महीने बाद होगी रिहाई



**इस्राइल।** इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी है। इस बीच, हमास ने कहा कि वह एक अमेरिकी-इस्राइली सैनिक एडन एलेक्जेंडर को रिहा सोमवार को रिहा कर सकता है। एलेक्जेंडर को बीते 19 महीनों से गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखा गया है। हमास इस कदम को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के लिए सद्भावना के प्रतीक के रूप में पेश कर रहा है। इससे इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम की नई संभावना बन सकती है।

हमास ने सात अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमला किया था। इसी दौरान हमास ने एडन एलेक्जेंडर को उनकी सैन्य चौकी से बंधक बना लिया था। इस हमले के बाद इस्राइल ने गाजा में युद्ध शुरू कर दिया। अगर एलेक्जेंडर की रिहाई होती है, तो यह मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद पहली रिहाई होगी। उस समय इस्राइल ने गाजा पर भारी बमबारी की थी, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे।

इस्राइल ने यह भी साफ कर दिया था कि वह गाजा पर अपनी सैन्य कार्रवाई और तेज करेगा। युद्धविराम से पहले इस्राइल ने गाजा में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति रोक दी थी, जिससे वहां भारी मानवीय संकट और भुखमरी का खतरा बढ़ा गया है। इस्राइल का कहना है कि यह सब इसलिए किया जा रहा है, ताकि हमास को इस्राइल की शर्तों पर युद्धविराम मानने के लिए मजबूर किया जा सके।

इस्राइल के मुताबिक, एडन एलेक्जेंडर सहित 59 बंधक अब भी हमास की कैद में हैं, जिनमें से करीब 24 जीवित हैं और बाकी मारे जा चुके हैं। अक्तूबर 2023 में हमास के हमले में करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बनाया गया था, जिनमें कई को युद्धविराम समझौते के दौरान छोड़ा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि एलेक्जेंडर की संभावित रिहाई एक सकारात्मक कदम है। ट्रंप मंगलवार को पश्चिम एशिया के दौरे पर जा रहे हैं। वह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाएंगे लेकिन इस्राइल नहीं जाएंगे। एक इस्राइली अधिकारी ने बताया कि ट्रंप के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ सोमवार को इस्राइल पहुंचे औ अधिकारी ने बताया कि ट्रंप के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ सोमवार को इजराइल पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सुरक्षा कैबिनेट से ईरान के परमाणु मुद्दे और बंधकों की रिहाई पर बातचीत करेंगे।

'होस्टेजेज एंड मिसिंग फैमिलीज फोरम' नाम के एक समूह ने जानकारी दी कि एलेक्जेंडर का परिवार अमेरिका से इस्राइल के लिए रवाना हो चुका है। इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि एलेक्जेंडर की रिहाई की उम्मीद है, लेकिन किसी तरह की समय-सीमा या शर्तें तय नहीं की गईं। बयान में यह भी कहा गया कि इस्राइल ने इस रिहाई के बदले ना तो युद्धविराम किया है और ना ही किसी फिलिस्तीनी कैदी को रिहा किया है। केवल 'सुरक्षित गलियारे' की व्यवस्था की गई है जिससे एलेक्जेंडर को वापस लाया जा सके।

## न्यूज डायरी

### पोप ने की जेलों में बंद पत्रकारों की रिहाई की अपील, कहा- अभिव्यक्ति की आजादी अनमोल तोहफा

**रोम।** पोप लियो 14वें ने सोमवार को दुनियाभर में जेलों में बंद पत्रकारों की रिहाई की अपील की। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति और प्रेस की आजादी एक अनमोल तोहफा है। उन्होंने यह बात बात उस समय कही, जब वह रोम में करीब 6,000 पत्रकारों में से कुछ से मिले। ये पत्रकार पहले पोप को चुनने की प्रक्रिया (कॉनक्लेव) को कवर करने पहुंचे थे। पहले अमेरिकी पोप (69 वर्षीय) वेटिकन ऑडिटोरियम में पत्रकारों से मिलने पहुंचे। उन्हें देखते ही लोगों की भीड़ ने खड़े होकर तालियों से उनका स्वागत किया। यह उनका आम लोगों से मिलने का पहला कार्यक्रम था। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे शब्दों का इस्तेमाल शांति के लिए करें, युद्ध का विरोध करें और उन लोगों की आवाज बनें, जिनकी कोई आवाज नहीं है। उन्होंने उन पत्रकारों के साथ एकजुटता जताई, जो सच की तलाश और रिपोर्टिंग करते हुए जेल में डाले गए हैं। पोप ने उनकी रिहाई की अपील की। इस पर वहां मौजूद लोगों ने एक बार फिर तालियां बजाई। उन्होंने कहा, जो पत्रकार युद्ध जैसी खौफनाक स्थिति में रिपोर्टिंग करते हैं, वे मानव गरिमा, न्याय और सूचना के अधिकार के सच्चे रक्षक हैं। एक जानकारी रखने वाला व्यक्ति की स्वतंत्र फैसले ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इन जेल में बंद पत्रकारों का दर्द दुनियाभर की सरकारों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतररात्मा को झकझोरता है। यह हम सबको याद दिलाता है कि हमें अभिव्यक्ति और प्रेस की आजादी की रक्षा करनी चाहिए।

### चौथे दौर की परमाणु वार्ता से अमेरिका उत्साहित

**ईरान।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी व ईरानी प्रतिनिधियों के बीच रविवार को चौथे दौर की बैठक हुई। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि वार्ता के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर अमेरिकी व ईरानी वातार्कार उत्साहित हैं। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसी हफ्ते पश्चिम एशिया का दौरा करने वाले हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में यह वार्ता ओमानी अधिकारियों की मध्यस्थता में करीब तीन घंटे चली। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई के हवाले से सरकारी टेलीविजन ने बताया कि वार्ता लंबी चली और अगले दौर की वार्ता के लिए चर्चा जारी है। हालांकि, बघाई ने ब्योरा नहीं दिया। बंद कमरे में हुई बातचीत के बारे में एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, वार्ता को जारी रखने पर सहमति बनी है। इसमें तकनीकी पहलुओं पर काम किया जाएगा। हम आज के परिणाम से उत्साहित हैं और अगली बैठक की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो निकट भविष्य में होगी।

### लॉस एंजिल्स हादसे में एक की मौत, 32 घायल

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तड़के लॉस एंजिल्स क्षेत्र के फ्रीवे पर एक टूर बस और एक स्पोर्ट यूटिलिटी वाहन की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए, जिनमें दो गंभीर रूप से घायल हैं। कैलिफोर्निया हाईवे पैट्रोल ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि सुबह पांच बजे के बाद हैसिंडा हाइट्स क्षेत्र में दुर्घटना के बाद वाहन में आग लग गई, जिससे एसयूवी में सवार एकमात्र व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना लॉस एंजिल्स शहर से लगभग 20 मील (32 किमी) पूर्व में है। सीएचपी अधिकारी जैचरी सालाजार ने बताया कि 32 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि ले जाए गए बाकी लोगों को मध्यम से लेकर मामूली चोटें आई हैं। बस में सवार एक यात्री जो रनेल ने केटीएलए-टीवी को बताया कि दुर्घटना के बाद लोग मदद मांग रहे थे, जिससे स्टेट रूट 60 की दो लेन कई घंटों तक बंद रहीं।

### मेक्सिको की बाजा कैलिफोर्निया की गवर्नर और उनके पति के अमेरिकी टूरिस्ट वीजा रद्द

**मेक्सिको।** मेक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया राज्य की गवर्नर मरीना डेल पिलर एविला ओल्मेडा ने रविवार को सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने उनके और उनके पति के टूरिस्ट वीजा रद्द कर दिए हैं। गवर्नर ने इस कदम के कारण का खुलासा नहीं किया, और न ही अमेरिकी दूतावास ने इस मामले पर कोई टिप्पणी की है। गवर्नर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि यह स्थिति दोनों के लिए संतोषजनक तरीके से स्पष्ट हो जाएगी। बता दें कि बाजा कैलिफोर्निया राज्य कैलिफोर्निया से सीमावर्ती है, और दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक रिश्ते काफी गहरे हैं।

### अमेरिका में लिस्टेरिया प्रकोप में 10 लोग बीमार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका में कम से कम 10 लोग तैयार खाद्य उत्पादों से जुड़े लिस्टेरिया प्रकोप में बीमार हुए हैं और एक निमार्ता स्वेच्छा से कई उत्पादों को वापस बुला रहा है। यू.एस. खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को कहा कि संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारी सैन फर्नांडो, कैलिफोर्निया के फ्रेश रेडी फूड्स एलएलसी द्वारा उत्पादित खाद्य पदार्थों से जुड़े प्रकोप की जांच कर रहे हैं। एफडीए का कहना है कि बीमार पड़ने वाले 10 लोग कैलिफोर्निया और नेवादा में थे, और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता थी। एजेंसी ने कहा कि ये उत्पाद एरिजोना, कैलिफोर्निया, नेवादा और वाशिंगटन में खुदरा विक्रेताओं और खाद्य सेवा बिक्री बिंदुओं सहित अस्पतालों, होटलों, सुविधा स्टोर, हवाई अड्डों और एयरलाइनों द्वारा बेचे गए थे। लिस्टेरिया के लक्षण आमतौर पर दूषित भोजन खाने के दो सप्ताह के भीतर शुरू होते हैं। हल्के मामलों में बुखार, मांसपेशियों में दर्द, मतली, थकान, उल्टी और दस्त शामिल हो सकते हैं, जबकि अधिक गंभीर लक्षणों में सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, भ्रम, संतुलन की कमी और ऐंठन शामिल हो सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट को नाजी शासन से जुड़े अभिलेख मिले

**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट को अपने अभिलेखों में नाजी शासन से जुड़े दस्तावेज मिले हैं, जिसमें प्रचार सामग्री भी शामिल है जिसका इस्तेमाल दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में एडॉल्फ हिटलर की विचारधारा को फैलाने के लिए किया गया था, अदालत के एक न्यायिक अधिकारी ने रविवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया। न्यायिक अधिकारी ने कहा कि अदालत को यह सामग्री तब मिली जब वह अपने ऐतिहासिक दस्तावेजों के साथ एक संग्रहालय बनाने की तैयारी कर रहा था। अधिकारी ने आंतरिक नीतियों के कारण नाम न बताने का अनुरोध किया। दस्तावेजों में उन्हें जर्मन शासन से पोस्टकार्ड, तस्वीरें और प्रचार सामग्री मिली। अधिकारी ने कहा कि कुछ सामग्री का उद्देश्य द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अर्जेंटीना में एडोल्फ हिटलर की विचारधारा को मजबूत करना और उसका प्रचार करना था। माना जाता है कि ये बक्से 20 जून, 1941 को ब्यूनस आयर्स में 83 पैकेजों के आगमन से संबंधित हैं, जिन्हें टोक्यो में जर्मन दूतावास द्वारा जापानी स्टीमशिप नान-ए-मारू पर भेजा गया था।

# खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वैन पर आत्मघाती हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत और तीन घायल



**पेशावर।** भारत के हमले के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। दो दिन पहले भारत और पाकिस्तान में सीजफायर पर सहमति बनी है। इस बीच पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा से आत्मघाती धमाके की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है आत्मघाती विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

तीन लोग घायल हो गए। अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी है। एसएसपी मसूद बंगश ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने पेशावर के चमकनी पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में रिंग रोड पर मवेशी बाजार के पास पुलिस की मोबाइल वैन पर हमला किया।

### मुख्यमंत्री ने की हमले की निंदा

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने हमले की निंदा की और घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। वहीं बता दें कि पिछले दिनों पाकिस्तान और भारत में तनाव चरम पर था। सबसे पहले 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, इसके जवाब में भारत ने 7 अप्रैल को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया और ऑपरेशन सिंदूर चलाया।


### भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को दिया अंजाम

खास तौर से पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और एयर स्ट्राइक की, उससे पड़ोसी मुल्क को तगड़ा झटका लगा है। इंडियन आर्म्ड फोर्सेज ने पाकिस्तान के कई टेररिस्ट कैंप को टारगेट किया। भारत ने पाकिस्तान के लगभग 11 एयरबेस पर सफल अटैक किया। इसके बाद पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस को भारतीय डीजीएमओ के पास फोन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर की बात रखी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ कुछ शर्तों सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार किया।

## बड़बोली पाकिस्तानी सरकार की एक और करतूत

# गेम का वीडियो शेयर कर किया सेना का गुणगान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार की एक और करतूत उजागर हुई है। पाकिस्तान की सरकार झूठे प्रोपेगेंडा और फर्जी बयानबाजी से अपने देश की जनता को अच्छा बेवकूफ बना लेती है, लेकिन दुनिया के सामने उसकी यह करतूत उजागर हो गई। दरअसल पाकिस्तान की सरकार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो को पाकिस्तान ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान लड़ाई का असली वीडियो बताकर अपनी सेना की बहादुरी बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश की, लेकिन कहते हैं न कि नकल के लिए भी अक्ल चाहिए, वहीं पाकिस्तान गलती कर गया और वीडियो में एक वीडियो गेम के फुटेज इस्तेमाल कर बैठा। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट हुई, वैसे ही लोगों ने पाकिस्तान का मजाक बनाना शुरू कर दिया।

### सोशल मीडिया पर यूजर्स ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी

दुनियाभर में सुरक्षा संबंधी घटनाक्रम पर नजर रखने वाले ब्रिटेन के एक पोर्टल यूके डिफेंस जर्नल ने इसे लेकर पाकिस्तान सरकार की खूब आलोचना की। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से जो वीडियो साझा किया गया, उसमें वीडियो गेम अफ्टअ 3 के फुटेज इस्तेमाल किए गए। यह वीडियो पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री अताउल्ला तरार ने साझा किया और पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का गुणगान किया। हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट होने के कुछ देर बाद ही यूजर्स ने वीडियो की सत्यता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए और पाकिस्तान की सरकार को घेर लिया। यूजर्स ने पाकिस्तानी सरकार को आईना दिखाते हुए बता दिया कि वीडियो में गेम के फुटेज इस्तेमाल किए गए हैं। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष 25 भारतीय और एक नेपाली पर्यटकों को निशाना बनाया गया। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। इस हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल समझौता तोड़ने के साथ ही कई अन्य सख्त कदम उठाए। वहीं बीती 6-7 मई की मध्यरात्रि भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर कई आतंकियों को ढेर कर दिया। इसके साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की शुरूआत हो गई। फिलहाल दोनों देशों में युद्धविराम हो गया है।

# 'परमाणु अधिकारों पर नहीं हटेंगे पीछे', ईरान की अमेरिका को दो टूक; दोनों देशों के बीच फिर होगी बात



**दुबई।** परमाणु शक्ति के इस्तेमाल के मसले पर रविवार को अमेरिका और ईरान के बीच ओमान की राजधानी मस्कट में फिर वार्ता हुई। ओमान की मध्यस्थता में दोनों पक्षों ने वार्ता को जारी रखने पर सहमति जताई है, जल्द ही वार्ता के लिए अगली तिथि की घोषणा होगी।

यह वार्ता ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के उद्देश्य से हो रही है। माना जा रहा है कि ईरान ने पिछले कई वर्षों में यूरेनियम के शोधन का जो स्तर बढ़ाया है उससे उसे परमाणु बम बनाने में मदद मिल सकती है। इस मसले पर ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने पर बातचीत के जरिये आशंकाओं को खत्म करने की पहल की गई है। इसी के चलते रविवार को मस्कट में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची और अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकाफ के बीच चौथे दौर की वार्ता हुई। अरागची ने कहा, इस बार की वार्ता ज्यादा गंभीर और बिना लागलपेट के हुई। लेकिन अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। हमने अपनी-अपनी अपेक्षाओं को ज्यादा स्पष्ट तरीके से सामने रखा है। इस बीच ईरान की यूरेनियम शोधन की प्रक्रिया पूर्ववत जारी है। जबकि वार्ता में शामिल अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ताजा बातचीत में कुछ सकारात्मक बातें सामने आई हैं, इसलिए हम निकट भविष्य में एक बार फिर साथ बैठेंगे और वार्ता करेंगे। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अबूसईदी ने दोनों देशों की वार्ता को लाभदायक बताया और इसके उद्देश्यपूर्ण होने की उम्मीद जताई है।

# अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ समझौते पर बनी बात




**जिनेवा।** टैरिफ विवाद को लेकर चीन के साथ जेनेवा में हुई बातचीत के बाद अमेरिका ने घोषणा की कि उसने चीन के साथ व्यापार समझौता कर लिया है। समझौते का विवरण अभी तक घोषित नहीं किया गया है।

वार्ता से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह चीन पर टैरिफ दर को मौजूदा 145 प्रतिशत से घटाकर 80 प्रतिशत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह स्काट बी पर निर्भर करता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने बहुत महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता में अमेरिका और चीन के बीच पर्याप्त प्रगति की है।

### चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ पर जमकर हुई चर्चा


अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ विवाद को लेकर जेलेवा में हो रही बातचीत रविवार को दूसरे दिन भी जारी रही। दोनों पक्षों ने इस बात पर चर्चा की कि व्यापार युद्ध को कैसे कम किया जाए, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचने का खतरा है।

चीनी उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ आमने-सामने की बैठक की। यह विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा एक-दूसरे के सामान पर 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बैठक थी।

### दोनों देशों के बीच इस हफ्ते हो सकता है व्यापारिक समझौता

शनिवार को आठ घंटे की चर्चा के बाद रविवार को जिनेवा में साढ़े तीन घंटे तक बातचीत जारी रही। रविवार को वार्ता के लिए रवाना होने से पहले बेसेन्ट ने अपने होटल में पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया था। लेकिन, व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा कि चीन अमेरिका के साथ बातचीत करने और व्यापार संबंधों को संतुलित करने के लिए बहुत उत्सुक है। हैसेट ने बताया कि इस सप्ताह अन्य देशों के साथ भी विदेशी व्यापार समझौते हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता का सकारात्मक विवरण देते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक तरीके से बातचीत की है।

# 'पुतिन का तुर्किये में इंतजार करूंगा', जेलेंस्की को रूस के साथ युद्ध विराम होने की उम्मीद



**यूक्रेन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को करीब तीन साल से ज्यादा समय से रूस के साथ चल रही जंग थमने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने कहा कि मैं सोमवार से रूस के साथ पूर्ण और अस्थायी युद्धविराम की उम्मीद कर रहा हूं। मैं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का व्यक्तिगत रूप से बातचीत के लिए तुर्किये में इंतजार करूंगा।

जेलेंस्की ने कहा कि हम सोमवार से शुरू होने वाले पूर्ण और स्थायी युद्धविराम का इंतजार कर रहे हैं, ताकि कूटनीति के लिए आवश्यक आधार प्रदान किया जा सके। हत्याओं को लंबा खींचने का कोई मतलब नहीं है। मैं गुरुवार को तुर्किये में पुतिन का व्यक्तिगत रूप से इंतजार करूंगा। मुझे उम्मीद है कि इस बार रूसी बहाने नहीं तलाशेंगे।

इससे पहले यूक्रेन ने यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर मांग की थी कि रूस वार्ता से पहले सोमवार से 30 दिन का बिना शर्त युद्ध विराम स्वीकार कर ले, लेकिन मॉस्को ने इस प्रस्ताव को प्रभावी रूप से अस्वीकार कर दिया और इसके बजाय सीधी वार्ता का आह्वान किया।

### ट्रंप ने यूक्रेन पर डाला वार्ता का दबाव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन 15 मई को तुर्किये में सीधी वार्ता करने के रूस के प्रस्ताव को स्वीकार कर ले। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन को पुतिन के शांति वार्ता प्रस्ताव पर सहमत होना चाहिए। कम से कम वे यह निर्धारित करने में सक्षम होंगे कि कोई सौदा संभव है या नहीं। यदि ऐसा नहीं है, तो यूरोपीय नेता और अमेरिका को पता चल जाएगा कि सब कुछ कहां खड़ा है, और वे इसके मुताबिक आगे बढ़ सकते हैं। इसलिए बैठक की जाए।

जेलेंस्की ने रविवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बिना युद्ध विराम के वार्ता करने की पेशकश एक सकारात्मक संदेश है। पूरी दुनिया लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी। हालांकि, उसने यह भी कहा कि किसी भी युद्ध को वास्तव में खत्म करने का पहला कदम युद्धविराम ही होता है। सोमवार से बिना शर्त 30 दिनों का युद्धविराम शुरू किया जाए। उन्होंने कहा, एक भी दिन के लिए और खून-खराबा जारी रखना ठीक नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि रूस 12 मई से एक पूर्ण, स्थायी और विश्वसनीय युद्धविराम की पुष्टि करेगा और यूक्रेन बातचीत के लिए तैयार है।

इसके बाद पुतिन ने युद्धविराम के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था और पुतिन ने तुर्किये में यूक्रेन के साथ बिना किसी शर्त के सीधी वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान युद्धविराम पर सहमति बन सकती है। पुतिन की ओर से यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में सामने आई है, जब यूरोप के चार प्रमुख देशों के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर रूस 30 दिन में युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता है तो उस पर दबाव बढ़ा जाएगा।

# भारत के बाद अब बलूचों ने तोड़ी पाकिस्तान की कमर, 51 जगहों पर किया अटैक



**बलूचिस्तान।** भारत-पाकिस्तान में सीजफायर की घोषणा हो गई है। घोषणा से पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आंतकी ठिकानों को नष्ट किया था। इस ऑपरेशन में कई वांटेड आतंकी मारे गए थे। दोनों देशों में संघर्ष के बाद पाक को काफी नुकसान हुआ था। इस बीच अब पाकिस्तान खुद अपने ही देश में घिर गया है। दरअसल, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कब्जे वाले बलूचिस्तान में 51 जगहों पर 71 हमले किए हैं। हमलों की जिम्मेदारी खुद बीएलए ने ली है। एक बयान में, बीएलए ने तख्तापलट की भी चेतावनी दी है। बीएलए ने घोषणा की है कि दक्षिण एशिया में एक नई व्यवस्था अपरिहार्य हो गई है।

विदेशी प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के सभी आरोपों को खारिज करते हुए, बीएलए ने खुद को क्षेत्र के उभरते रणनीतिक परिदृश्य में एक गतिशील और निर्णायक पक्ष बताया। इस बीच, बीएलए ने हमलों के जरिए कथित तौर पर पाकिस्तानी सैन्य काफिले, खुफिया केंद्रों और खनिज परिवहन कार्यों को निशाना बनाया, जो पाक सरकार को चुनौती देने के व्यापक अभियान का हिस्सा थे।

# इंदिरापुरम यशोदा मेडिसिटी में विश्व नर्सिंग दिवस

## सेवा, संवेदना और संकल्प उत्सव के रूप में मनाया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को इंदिरापुरम यशोदा मेडिसिटी, विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सों की निस्वार्थ सेवा, अनुशासन और करुणा को सम्मानित किया गया। यह दिन उन नायिकाओं को समर्पित रहा जो हर दिन अपने कर्तव्यों से कहीं आगे बढ़कर संवेदनशीलता, सहानुभूति और अथक परिश्रम के साथ मरीजों की सेवा करती हैं। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विश्व हिंदू परिषद महासचिव मिलिंद परांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नर्सिंग कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. उपासना अरोड़ा, प्रबंध निदेशक, यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स ने कहा कि नर्सें सिर्फ स्वास्थ्य सेवा की आधारशिला नहीं हैं, उनका समर्पण, सहानुभूति और अनुशासन हर रोगी को न केवल चिकित्सा, बल्कि सच्ची देखभाल का अनुभव कराता है। यशोदा परिवार की ओर से हम आज नर्सों को सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। और उनके पेशेवर विकास और सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।

यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, डॉ. पी. एन अरोड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में नर्सें हमेशा संकट और आपातकालीन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों को निभाती हैं। जैसे एक मजबूत सहारा जो मरीज के साथ हर स्थिति में खड़ा रहता है। उनके साहस, मेहनत और समर्पण से हर मरीज को उम्मीद और शक्ति मिलती है, खासकर जब वे कठिनतम परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं। यशोदा मेडिसिटी ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य सेवा केवल तकनीक और ढांचे से नहीं, बल्कि नर्सों जैसे समर्पित कर्मियों के मानवतावादी दृष्टिकोण से ही संपूर्ण होती है।




# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने ली नगर जोन की मीटिंग

## बीट प्रणाली से लेकर अपराधियों की केवाईसी कराने का निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने सोमवार को पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में सिटी जोन के समस्त थाना प्रभारियों, एसीपी, डीसीपी, एडिशनल सीपी के साथ बैठक की। इस दौरान थाने के अन्य स्टाफ पुलिसकर्मियों को भी बुलाया गया था। इस बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर द्वारा बीट पुलिसिंग प्रणाली को बेहतर ढंग से अपनाने और इस पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। तो वहीं 10 वर्ष से अपराध करने वाले बदमाशों का केवाईसी यानी नो योर क्रिमिनल रिकॉर्ड इकट्ठा करने का अभियान प्रमुखता से चलने का आदेश दिया गया है। साथ ही निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना के लिए साक्ष्य आधारित विवेचना प्रणाली और ऑपरेशन क्रविक्शन के अंतर्गत अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलाने का पुलिस कमिश्नर द्वारा निर्देश दिया गया है। सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ कमिश्नर में बैठक की है।



### सिटी जोन की बनाई गई है पीली फाइल



### जोनवार केवाईसी होने के बाद क्रॉस चेक भी होगी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने जहां जोन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह अपने क्रिमिनल्स की पहचान अभियान को प्रमुखता से चलाने का निर्देश दिया है। तो वहीं अधिकारियों को बताया गया है कि जब पूरा रिकॉर्ड तैयार हो जाएगा, तो इसका अन्य अधिकारियों से क्रॉस चेक जांच कराई जाएगी ताकि कोई भी अपराधी शेष नहीं बच पाए।

### सिटी जोन में पीली फाइल में दर्ज होगा अपराधियों का रिकॉर्ड

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने तीनों जोन के लिए अलग-अलग रंग की फाइल बनवाई है। इसमें सिटी जोन को पीले रंग की फाइल मिली है। इस फाइल में पूरे मामले का अलग-अलग बिंदुवार 14 सब पॉइंट दिए गए हैं। जिसमें किसी भी केस से संबंधित पूर्ण विवरण होगा। इसमें थानाक्षेत्र से लेकर सर्किल और जांच अधिकारी के नाम से लेकर अब तक की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड फाइल के कवर पेज पर रहेगा ताकि अधिकारी फाइल देखकर उस मामले का पूरा रिकॉर्ड जान सकें।

# 15 मई से पूरी तरह चालू होगा हिंडन एयरपोर्ट साहिबाबाद

## आज से चालू हो जाएगी, विमानों के लिए सीटों की बुकिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हिंडन एयरपोर्ट साहिबाबाद को मंगलवार से रीओपन कर दिया जाएगा। हांलाकि सभी प्रमुख शहरों के लिए पूरी तरहे से फ्लाइट चालू होने में एक से दो दिन लगेंगे। भारत-पाक तनाव के चलते बीते कई दिनों से हिंडन एयरपोर्ट से फिलहाल उड़ानों का संचालन पूर्ण रूप से बंद चल रहा था। हिंडन एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन 15 मई 2025 सुबह 5 :20 तक बंद रहना था लेकिन हालात बदलने के बाद नया फैसला लिया गया है। वहीं भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैनिक तनाव के चलते देश के 32 एयरपोर्ट से फ्लाइटों के संचालन पर अस्थाई रोक लगा दी थी। जिसमें गाजियाबाद का हिंडन एयरपोर्ट भी शामिल था। गाजियाबाद के इंडियन एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस, फ्लाईबिग और स्टार एयर द्वारा देश के प्रमुख शहरों के लिए संचालन किया जाता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस हिंडन एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन करने वाली सबसे बड़ी एयरलाइन है। एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा हिंडन एयरपोर्ट से हर दिन कई शहरों के लिए उड़ानों का संचालन किया जाता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस से मिली जानकारी के मुताबिक जिन लोगों ने पहले से टिकट बुक कर रखी थीं वह शत प्रतिशत रिफंड या फ्लाइट को रिशेड्यूल कर सकते हैं।




### दस मई को बंद किया गया था हिंडन एयरपोर्ट

**करंट क्राइम :** बता दें कि पहले हिंडन एयरपोर्ट से 10 मई सुबह 5 :30 बजे तक सभी उड़ाने निरस्त की गई थी, लेकिन अब नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आदेश के मुताबिक 15 मई 2025 सुबह 5 :20 तक उड़ानों का संचालन पूर्ण रूप से बंद करने को कहा गया था। बता दें कि हिंडन एयरपोर्ट से देश के 14 शहरों के लिए करीब 30 फ्लाइटों का संचालन होता है।

### कई शहरों के लिए हैं रोजाना फ्लाइट्स

**करंट क्राइम :** हिंडन एयरपोर्ट से मार्च, अप्रैल और मई 2025 में देश के विभिन्न शहरों के लिए उड़ानों का संचालन शुरू हुआ था। विभिन्न शहरों के लिए संचालन शुरू होने के बाद गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से हर दिन करीब ढाई हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन हो रहा है। उड़ानें स्थगित होने के बाद अब शून्य हो गया था। हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई, चेन्नई, वाराणसी, पटना, लुधियाना, भटिंडा, कोलकाता आदि के लिए फ्लाइट संचालित हो रहीं हैं।

# हर्ष त्यागी के आलराउंड प्रदर्शन से नोएडा वंडरस विजयी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को बाडीकेयर कप संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट के अन्तर्गत खेले गये लीग मैच मे नोएडा वंडरस ने हर्ष त्यागी के शानदार 40 रन व 3 विकेट के योगदान से सोनेट क्लब दिल्ली को 43 रन से पराजित कर दिया। टास जीत कर सोनेट क्लब ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। इसके बाद नोएडा वंडरस ने संस्कार 54 रन, तरूण बिष्ट 36रन व हर्ष त्यागी 40 रन व आयुष के ताबडतोड 42 रन योगदान से निर्धारित 40 ओवर मे 244 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सोनेट क्लब के सनत सांगवान 37 रन ,व आर्यन दलाल 62 रन ने भरपूर प्रयास किया। परन्तु हर्ष त्यागी, विवेक धामी, दक्षिण चंदेल, व तरूण बिष्ट की कसी हुई गेंदबाजी के समक्ष सभी खिलाड़ी 34.5 ओवर मे 201 रन बना सके । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुकेश गोयल व राजेश गोयल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर्ष त्यागी को दिया। पूर्व रणजी खिलाड़ी विश्वजीत सिंह ने संचालन किया । नोएडा वंडरस ने 40 ओवर मे 244 रन बनाये जिनमें संस्कार ने 54 रन ( 6 चौके,1 छका), तरूण बिष्ट ने 36 रन ( 4 चौके ), हर्ष त्यागी ने 40 रन ( 2 चौके, 3 छके), आयुष ने 42 रन अविजित, ( 3 चौके, 4 छके ) बनाये। वहीं पंकज यादव ने 25 / 4 विकेट , शौर्य सिह ने 49 / 2 विकेट लिये।

सोनेट क्लब ने 34.5 ओवर मे 201 रनों पर सभी खिलाड़ी आउट हो गये। जिनमें सनत सागवान ने 37 रन ( 4 चौके, 2 छके), आदित्य भंडारी ने 30 रन ( 4 चौके), आर्यन दलाल ने 62 रन ( 9 चौके), हर्ष त्यागी ने 3 बनाये और विवेक धामी, दक्ष चंदेल व तरूण बिष्ट ने 2-2 विकेट लिए। मंगलवार का मैच प्रातःकाल मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन बनाम गोल्डन हाकस के मध्य खेला जाएगा।




# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाई भगवान बुद्ध की जयंती




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा, ज्ञानपीठ केंद्र एक स्वरूप पार्क जीटी रोड साहिबाबाद में भगवान बुद्ध का जन्म दिवस समारोह शांति और सहानुभूति दिवसह्न के रूप में समाजवादी चिंतक शिक्षाविद रामदुलार यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विशाल लाल गौड़ , मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेंद्र सिंह यादव रहे। आयोजन समाज सेविका फूलमती यादव ने संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्रा ने किया,कार्यक्रम को अवधेश कुमार मिश्रा एडवोकेट, रामप्यारे यादव जयनारायण शर्मा, चंद्रावली मौर्य, पर्यावरण विद् कालीचरण चौधरी, यस यस प्रसाद, कैलाश चंद्र ने भी संबोधित किया। हुकुम सिंह, राजेंद्र सिंह ने गीत सुनाकर सभी लोगों को आत्म विभोर कर दिया। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध अहिंसा के पुजारी थे। उनमें दयालुता एवं करुणा का भंडार था। उन्होंने अपना सारा जीवन मानव कल्याण के हित में ही बिताया था। हमें उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। तभी हम उनके आदर्शों पर चल सकेंगे। रामदुलार यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध द्वारा मानवता के कल्याण के लिए दिया गया उपदेश वैज्ञानिक है, और आज भी प्रासंगिक है, वह अनात्म में दर्शन के ऋषि हैं, जिन्होंने जन-जन को दुखों से मुक्ति के लिए ईमानदारी. नैतिकता, अहिंसा, त्याग और प्रेम का मार्ग दिखाया उन्होंने कहा की आपके दुख दर्द को कोई भी देवता और भगवान नहीं दूर कर सकता स्वयं आपको नैतिक आचरण द्वारा दूसरों को बिना पीड़ा पहुंचाए लालच और इच्छा का समूल नाश करके छुटकारा मिल सकता है। इस अवसर पर देवकरण चौहान, कैलाश चंद्र, शाहनवाज हुसैन, चंद्रबली मौर्य, फूलमती यादव, शैलजा शर्मा, लज्जा यादव, अमृतलाल चौरसिया, शंभू नाथ, जायसवाल, सम्राट सिंह, कालीचरण, अर्जुन सिंह यादव, शिव दरस यादव, शिव शंकर, चिंतामणि यादव, शिव मुनि, इंजीनियर धीरेंद्र यादव, रविंद्र यादव, अंकुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

रस्म पगड़ी



आपको अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परमपूजनीय पिता जी
स्व. देशराज (देशी) जी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 3 मई 2025, शनिवार को प्रभु चरणों मे लीन हो गये।
उनकी आत्मिक शान्ति के लिए
श्रद्धांजलि एवं रस्म पगड़ी
दिनांक 13 मई, 2025 दिन मंगलवार
दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक है।
स्थानः - आर.के. बैंकेट नियर एल.आई.सी बिल्डिंग जी.टी. रोड गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार
लाला चंद्रभान (चाचा), रोशन लाल (भाई)
पुनीत (बेटा), नितिन (बेटा), दीपक (भतीजा)
राहुल (भतीजा), मगन बेदी (दामाद), सुनील बत्रा (दामाद)
एवं समस्त खड़ा परिवार

फोन नम्बर
9354297887
9818607289




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ में हो रही है इस वक्त एक फ्लॉप पार्टी की चचाएं? कहने वाले कह रहे हैं बुलाने वालों ने बुलाए थे दस भगवा कमिश्नर? पता चला है पार्टी में उनमें से कोई भी नहीं आए? कहने वाले ने कहा- ये इन्विटेशन देने वालों की थी कमी या कुछ और ही बना था विचार? कहने वाले ने कहा- एक-दो नहीं आते तो बात संभल जाती, मगर ऐसा क्या हुआ दस के दस चेहरों ने नहीं दिये दीदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा ने जब से संभाला है प्रभार, तब से हम देख रहे हैं वो कार्यक्रम कर रहे हैं जोरदार? पार्टी के बड़े चेहरों के आगे वो दे रहे हैं अपनी मजबूती का संदेश? विभिन्न कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष, दोनों डिप्टी सीएम और अब प्रदेश संगठन मंत्री ने गाजियाबाद आकर देखा है उनका मजबूत बेस? कहने वाले ने कहा- सुना है पांचवे कार्यक्रम की भी शुरू हो गई तैयारी? भगवा योद्धा योगी जी के सामने भी खेलना चाहते हैं नाबाद पारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा ने महामंत्री त्यागी जी को मंडल प्रवासी बनाकर दे दिया है देने वालों ने संदेश? करा दिया है एहसास कि वो कमजोर नहीं मानकर चल रहे हैं इनका फेस? कहने वाले ने कहा- पिछली टीम में मंडल वाला नहीं था त्यागी जी के पास प्रभार? कम से कम भगवा योद्धा ने अपनी टीम में किया तो सही उनके नाम पर विचार? ऐसा लगता है मेन टीम में भी वो दे सकते हैं इस चेहरे को स्थान? उनके दिमाग में क्या चल रहा है ये आजतक कोई भी नहीं समझ पाया है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा वाली भगवा कमिश्नरी में भगवा कमिश्नर त्यागी जी ने मीटिंग के दौरान कर दिया स्पष्ट? कहा-पार्टी ने जो सिस्टम बनाया है उसको देखते हुए अब सिफारिश नहीं चलेगी? सिफारिश तो होगा हमें इनकार करने में कष्ट? कहने वाले ने कहा- फिर भी आप नहीं कर सकते हो सिफारिशों को इग्नोर? जो पद के काबिल होगा, आपको मजबूत करनी होगी उसकी डोर? सुना है यहां पर अपनी बात रखने से नहीं चूके मिस्टर राजकुमार? कहा- हम भी देंगे आपको मजबूत नाम? आपको उन पर करना होगा विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हो रही थी वसुंधरा वाली कमिश्नरी की मीटिंग तब एक बात सुनाई दे रही थी बहुत ही आम? कहने वाले कह रहे थे, बहुत मुश्किल से किया है हमने मंडल वाले रजिस्टर का इंतजाम? पूर्व वालों से हमने बहुत ही लगाई थी रजिस्ट्रर देने की गुहार? मामला हमारा महानगर वालों ने संभाला, नहीं तो रजिस्ट्रर की गुमशुदगी से मचा हुआ था हमारे दिल में हाहाकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस मीटिंग को मैडम भारद्वाज के हसबैंड भी कर रहे थे अटेंड? वो समझ रहे थे एरिये के भगवा कमिश्नर का स्टैंड? उन्होंने कहा- जो रणनीति बनानी है बना लो? हमें पता है आप सब कुछ फाइनल कर चुके हो? मुस्कराहट से दिया संदेश, जैसे कह रहे हों, जहां हस्ताक्षर कराने हैं वहां करो लो?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बृज वाले एरिये के जब आरएसएस के पुराने चेहरे गए एक भगवा कमिश्नर के पास? उनके दिल में थी कमिश्नरी का महामंत्री बनने की आस? वैसे उपाध्यक्ष वाला पद भी रहा है उनके पास? उनकी सिफारिश को सुनकर भगवा कमिश्नर ने दिया नया पैगाम? कहा- आप दो वर्तमान या पूर्व के मंडल वालों से अपनी सहमति करा लो? हम बिल्कुल भी देर नहीं लगाएंगे आपको अपने सिस्टम में महानमंत्री बनाएंगे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस दिन ली थी मेयर ने पार्षदों की मीटिंग उस दिन हम भी थे उस बैठक में मौजूद? हमने देखा जैसे ही नगर आयुक्त मीटिंग से बाहर गए, वैसे ही भगवा सौलंकी जी ने शब्दों का दांव चला खूब? चार जाट पार्षदों को उन्होंने वैलकम नगर आयुक्त साहब कहकर पुकारा? आ गई थी ये शब्द सुनकर सबके चेहरों पर मुस्कराहट? देखते ही बन रहा था ये नजारा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के चर्चित ठाकुर चेहरे कर रहे हैं इस वक्त भगवा मित्तल चेहरा तलाश? हमें पता चला है वो उनसे अकेले में करना चाहते हैं काफी सारी बात? उनके पास है जेहन में शब्दों का सैलाब? वो तलाश रहे हैं मुलाकात का मौका? अगर मित्तल जी तक पहुंच गया हो सवाल के माध्यम से संदेश? तो मुलाकात करके देख ही लें, आखिर क्या कहना चाहते हैं ठाकुर साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि राजनीति में दीवारों के भी कान होते हैं ऑन? हमें पता चला है साहब के बर्थ-डे पर गर्ग साहब के बेहद खास ने किया था साहब के खास को फोन? दी थी इस चेहरे को जन्मदिन की बधाई? कहने वाले ने कहा- 10 तारीख से दबी हुई थी ये बात हमारे दिल में? आपने कुरेदा जब इतने प्यार से, तब ये बात बाहर निकल आई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Nawab Singh Nagar is in Noida.
· Follow
24m

आज नोएडा में श्री सुरेंद्र जी और उनकी धर्मपत्नी की विवाह की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस विशेष दिन पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं — ईश्वर करे उनका साथ यूँ ही बना रहे और जीवन सदा प्रेम, सुख व समृद्धि से भरा रहे।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समय देखते ही देखते बीत जाता है। नोएडा केवसुरेंद्र को यह पता ही नहीं चला की सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 25 वर्ष कब गुजर गए । उन्होंने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली मनाई। सभी मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों और परिजनों ने बधाई शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।